आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 25 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सपने देखने का सभी को समान अधिकार है। सपने देखना और जनता को सपने दिखाना नेताओं का विशेषाधिकार है। दूसरे शब्दों में कहें तो यही उनका कारोबार है। मजे की बात यह कि इस कारोबार पर कोई टैक्स भी नहीं लगता। कई नेता शेखचिल्ली की तरह सोते जागते हसीन सपने देखते रहते हैं। ऐसे मुंगेरी लालों की फेहरिस्त में इन दिनों सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का नाम सबसे ऊपर है। उन्होंने पहले यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने का दावा किया था। अब वे बिहार में भी भाजपा का सुपड़ा साफ करने की भविष्यवाणी कर रहे हैं।

जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : शाह

नयी दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि कि जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा , जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने और आतंकवाद के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

परमाणु संयंत्र के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में कोर लोडिंग शुरू

चेन्नई, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र में देश के पहले फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (500 मेगावाट क्षमता) में ईंधन की कोर लोडिंग शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री ने परमाणु संयंत्र के रिएक्टर वॉल्ट और रिएक्टर के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। उन्हें इस रिएक्टर की मुख्य विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस ऐतिहासिक घटना में देश के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम का आज दूसरा महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश हुआ। भारत ने परमाणु ईंधन चक्र के पूरे स्पेक्ट्रम में व्यापक क्षमताएं विकसित की हैं। सरकार ने 2003 में भारत के सबसे उन्नत परमाणु रिएक्टर-प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) के निर्माण और संचालन के लिए भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) के निर्माण को मंजूरी दी थी।

ममता का एक और विकेट गिरा

संदेशखाली के विरोध में एमएलए का इस्तीफा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले का संदेशखाली कांड का मामला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पीछा नहीं छोड़ रहा है। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता ने संदेश खाली कांड के विरोध में विधायक एवं पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। कुछ समय पहले ही मा ने पार्टी छोड़ने के संकेत दिए थे।

सोमवार को पश्चिम बंगाल में फैले भ्रष्टाचार एवं संदेश खाली कांड से आहत हुए तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता तापस राय ने विधायक और पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए कहा है कि मैं पार्टी के कामकाज करने के तौर तरीकों से वास्तव में निराश हूं। मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए तृणमूल कांग्रेस छोड़ने और विधायक पद से इस्तीफा देने वाले तापस राय ने कहा है कि मैं पार्टी और सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के इतने सारे आरोपों से बुरी तरह तंग आ चुका हूं। उन्होंने पार्टी के कार्य प्रणाली और संदेश खाली कांड के मुद्दे से निपटने के तौर तारीकों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संदेश खाली के मुद्दे को सरकार की ओर से संभाला गया है मैं इसका कतई समर्थन नहीं करता हूं वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष एवं ब्रत्य वासु ने उन्हें मनाने की कोशिश के चलते आज सवेरे तापस राय से उनके आवास पर मुलाकात की।

एक मंत्री के रूप में किसी बयान पर परिणामों के बारे में पता होना चाहिए: सुको

सनातन धर्म पर स्टालिन का आपत्तिजनक बयान..

नयी दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की उनके कथित तौर पर 'सनातन धर्म' विरोधी बयान के खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज मुकदमों को एक जगह करने का निर्देश देने की उनकी याचिका पर सुनवाई के दौरान सोमवार को खिंचाई की और कहा कि एक मंत्री के रूप में उन्हें परिणामों के बारे में पता होना चाहिए था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू से कड़ा रुख अपनाते हुए स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी से मौखिक रूप से कहा कि उन्हें राहत के लिए संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए। पीठ ने हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी के विभिन्न मामलों में अदालत के रुख का हवाला देते हुए राहत की गुहार के बाद याचिका पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार के रूप में संरक्षित नहीं : सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 1998 के 'पीवी नरसिम्हा राव' मामले में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह सर्वसम्मत फैसला दिया।

पीठ ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है। सात सदस्यीय पीठ ने कहा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व मंत्रियों पर दांव लगाने की तैयारी

पैनल में भूपेश, सिंहदेव, चौबे, ताम्रध्वज के नाम

- कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आज
- सात माह पहले तय किए गए थे पर्यवेक्षक
- निजी एजेंसी की सर्वे रिपोर्ट भी तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की सूची जारी होते ही कांग्रेस भी सक्रिय हो गई है। पांच मार्च को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक को एक दिन पहले यानी सोमवार चार मार्च को किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव रोचक बनाने और भाजपा को सीधी टक्कर देने के लिए कांग्रेस अपने दिग्गज नेताओं पर दांव लगाने की तैयारी कर रही है।

पीसीसी द्वारा तैयार पैनल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्क्रीनिंग कमेटी सिंगल नाम सीईसी के पास भेजेगी

नई दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर मंथन कर सिंगल नाम तय किए जाएंगे। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डा.चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू, समेत तीनों प्रभारी भी शामिल होंगे। स्क्रीनिंग कमेटी सिंगल नाम सीईसी के पास भेजेगी जहां से प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे।

आसमान से गिरे मौत के ओले

10 लोगों की गई जान

- आंधी-तूफान, ओले और बारिश ने ली कई की जान, दर्जनों घायल

गोंडा, (ए.)। कुछ दिनों से खराब मौसम ने देश के कई राज्यों में बड़ा नुकसान किया है। आंधी-तूफान, ओले और बारिश ने कई की जान ले ली, वहीं दर्जनों लोग घायल हुए हैं। वहीं फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। उत्तर प्रदेश में इसका असर दिखा है, जहां बड़ा नुकसान चारों ओर दिखाई दे रहा है।

यूपी के कई हिस्सों में शनिवार रात से तेज हवा, गरज चमक के साथ रविवार को भी हुई बारिश व ओलावृष्टि ने फसलों को खासा नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से विभिन्न जिलों में दस लोगों की जान चली गई। कई लोग घायल भी हुए हैं। तेज हवा के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि की वजह से दिन व रात के तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। ठिठुरन के साथ जाती हुई सर्दी फिर लौट आई। बारिश के चलते बिजली आपूर्ति भी लड़खड़ा गई।

छह जिले प्रभावित: उत्तर प्रदेश में 19 से 28 फरवरी के बीच हुई बारिश व ओलावृष्टि से छह जिलों बांदा, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, कानपुर देहात और कानपुर नगर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कहीं बिजली गिरी, तो कहीं बादल फटे

आकाशीय बिजली गिरने से बीते 24 घंटों में गोण्डा, अयोध्या, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुरखीरी, महराजगंज, कुशीनगर, कौशाम्बी, शाहजहांपुर और बांदा में एक-एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई। इनमें एक किशोरी और महिलाएं शामिल हैं। बीते 24 घंटों के दौरान बिजनौर के नजीबाबाद में सबसे अधिक 50 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी। लखनऊ सहित कई अंचलों में ओले भी पड़े। यूपी में जहां-जहां ओले पड़े हैं, वहां सरसों की तैयार होती फसल को खासा नुकसान हुआ है।

आप नेता ने भाजपा नेता को मारी गोली

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में आम आदमी पार्टी (आप) नेता अमर अग्रवाल ने विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड संयोजक को गोली मार दी। उन्हें सीने में 3 गोलियां लगी हैं। इसके बाद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है।

आरोपी

घायल गोपाल गिरी

जानकारी के मुताबिक, अमर अग्रवाल खरसिया विधानसभा से आप के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुका है। बताया जा रहा है कि घायल गोपाल गिरी और अमर अग्रवाल का 2019 से जमीन विवाद चल रहा है। वारदात के बाद से आप नेता फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि सोमवार को भी अमर अग्रवाल और खरसिया निवासी गोपाल गिरी के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अमर अग्रवाल ने फायर कर दिया। इसके बाद भाग निकला। लोगों ने गोपाल को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर देख रायगढ़ मेडिकल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम यादव समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार'

भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत भारतीय जनता पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने आज अपनी एक्स प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ लिया। डॉ. यादव ने एक्स पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी अपनी प्रोफाइल पर ये बदलाव किया। इस संबंध ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नौसेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन कल से

नई दिल्ली, (वार्ता)। नौसेना के शीर्ष कमांडरों का तीन दिन का सम्मेलन मंगलवार को शुरू होगा। हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किये जा रहे सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जा रहा है और रक्षा मंत्री उद्घाटन सत्र में नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों की संचालन क्षमता को परखेंगे। बाद में वह कमांडरों को संबोधित भी करेंगे। यह वार्षिक सम्मेलन नौसेना के कमांडरों के लिए समुद्री सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक गतिविधियों, परिचालन एवं प्रशासनिक मामलों पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से एक मंच के रूप में कार्य करता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, वोट के लिए नोट लिया तो बनेगा केस

नई दिल्ली, (वार्ता)। सोमवार (04 मार्च) को सुप्रीम कोर्ट की ओर से वोट के बदले नोट को लेकर एक बड़ा फैसला लिया गया है। जिसमें कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि अब अगर सांसद पैसे लेकर सदन में भाषण या वोट देते हैं, तो उनके खिलाफ केस चलाया जा सकेगा। यानी अब सांसदों को इस मामले में कानूनी छूट नहीं मिल सकेगी। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पिछले फैसले को पटल दिया है।

नरसिम्हा राव के फैसले को पलटा : आपको बता दें सुप्रीम कोर्ट ने साल 1998 के नरसिम्हा राव के फैसले को पलटा है। साल 1998 में 5 जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि इस मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। जिस सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। इस फैसले के बाद अब सांसद या विधायक सदन में मतदान के लिए रिश्वत लेकर मुकदमे की कार्रवाई से नहीं बच सकते हैं।

हथियार के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

शेखपुरा, (वार्ता)। बिहार में शेखपुरा जिले के बराबीघा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर भारी संख्या में हथियार और कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि सूचना मिली थी कि बराबीघा-मेहूस सड़क पर हथियारों की बड़ी डील होने वाली है। उसके बाद पुलिस सूचना के आधार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम तैनात की गई। इस दौरान 4 व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में दिखे। एक व्यक्ति के हाथ में थैला था और अन्य व्यक्ति उससे बात कर रहे थे।

सरकार की नियत युवाओं को रोजगार देने की नहीं : राहुल

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली हैं, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। युवाओं को सिर्फ धोखा दिया जा रहा है।

गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार खुद कह रही है कि उसके विभिन्न विभागों में कई लाख पद खाली हैं। देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाली मोदी सरकार का इस दिशा में कदम नहीं उठाने से साफ हो गया है कि उनकी नियत रोजगार देने की नहीं है।

आंकड़ों में ये है विभागवार खाली पद

उन्होंने कहा देश के युवाओं एक बात नोट कर लो। श्री मोदी की नीयत ही रोज़गार देने की नहीं है। नए पद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

धर्म रक्षा के लिए... राजिम में कहा- जो सरकार गौ माता की हत्या नहीं रोक सकती, जो गौ माता पर चोट करे उसे कैसे दें हम वोट

गाय को बनाएं राष्ट्रमाता, 10 को भारत बंद और 14 को संसद मार्च : शंकराचार्य

- ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती व द्वारिका पीठ शंकराचार्य की प्रेस वार्ता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजिम कल्प कुंभ में शामिल होने पहुंचे ज्योतिष-पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और द्वारिका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने कहा कि, जिस देश में गीता, गौ और गंगा को माता का स्थान दिया गया है, वहां गौ हत्या रोकने का प्रयास नहीं हो रहा है। शंकराचार्यों ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर 10 मार्च को भारत बंद बुलाया है।

गाय, गीता, गंगा और धर्मांतरण पर मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य ने आगामी रणनीति भी बताये। उन्होंने कहा 14 मार्च को पैदल संसद मार्च करेंगे। गौ हमारी माता है, लेकिन उनके प्रति अमानवीय व्यवहार बंद नहीं हो रहा है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि, 75 वर्षों में दिल्ली में अनेक दलों की सरकार आई, लेकिन गौ हत्या को रोकने के लिए कोई सख्त नियम नहीं बना पाई है। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले, इसलिए 10 मिनट के लिए भारत बंद रहेगा। शंकराचार्य ने कहा कि, यदि कोई सरकार गौ हत्या नहीं रोक पा रही है, फिर भी हम उसे वोट दे रहे हैं तो यह हमारे द्वारा किया जा रहा पाप है। उन्होंने सनातनी लोगों से गौ-हत्या रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में कौन सी पार्टी सत्ता में आएगी, यह अभी से नहीं कहा जा सकता।

ऐसे और इस स्थान से करेंगे प्रारंभ

उन्होंने बताया कि, 14 मार्च को गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा करके दिल्ली के संसद भवन रवाना होंगे। हम संसद भवन के उसे कोने तक जाएंगे जहां सन 1966 में गौ भक्तों के ऊपर गोलीबारी की गई थी। उन्होंने कहा कि, इस यात्रा में हम उन सभी राजनीतिक पार्टियों को आमंत्रित करते हैं, जो गौ माता के शपथ पत्र को स्वीकार करते हैं।

लोस. उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के मामले में भी कांग्रेस को बीजेपी ने पछाड़ा

■ दो बड़े चेहरों को मैदान में उतारा, 9 सीटों पर प्रत्याशी बदले

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजनीतिक पार्टियों की चुनावी तैयारियां उनके फैसलों से जाहिर होती हैं। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनावों के लिए विभिन्न राज्यों की 195 सीटों के पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा करके कांग्रेस से आगे निकल गई है। इनमें छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों के प्रत्याशी शामिल हैं।कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची तीन दिनों बाद 6 मार्च को आने की संभावना है। 4 और 5 मार्च को कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति प्रत्याशियों के नामों पर मंथन करेगी।

चुनावों में नाम की की घोषणा होते ही प्रत्याशी अपने प्रचार अभियान में जुट जाते हैं। इस नजरिए से उन्हें जनसंपर्क के लिए समय कुछ अधिक मिल जाता है। छत्तीसगढ़ में पिछले नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची से करीब माहभर पहले आ गई थी। पार्टी को इसका लाभ भी मिला। लोकसभा चुनावों के लिए भी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कांग्रेस से पहले कर दी ।

इससे उसकी चुनावी तैयारियों का पता चलता है। छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीटों के पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी ने कर दी है। दो सीटों को छोड़कर 9 सीटों के प्रत्याशी बदल दिए गए हैं। इसे पार्टी की पुख्ता चुनावी तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 11 से 10 सीटें जीत ली थी। एकमात्र कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। इस बार पार्टी का बड़ा चेहरा मानी जाने वाली सरोज पाण्डेय को कोरबा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं रायपुर से प्रत्याशी बदलकर करीब तीन माह पहले ही बनी सरकार में मंत्री बनाए गए बृजमोहन अग्रवाल को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पार्टी का लक्ष्य साफ है। वह 11 सीटें जीत लेना चाहती है।

सरगुजा लोकसभा सीट से चिंतामणि महाराज को प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने विधानसभा चुनावों के समय कांग्रेस छोड़ कर पार्टी में उनके लौटने शानदार स्वागत किया है। पार्टी में लौटने पर उन्हें लोकसभा चुनाव में टिकट देने का वादा किया गया था। चिंतामणि महाराज को कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया था, जिससे नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का ही फैसला कर लिया। विधानसभा चुनावों के ही दौरान पार्टी के बड़े नेता उनसे उनके घर जाकर मिले और पार्टी प्रभारी ओम माथुर की मौजूदगी में उनकी पार्टी में वापसी हुई थी। टिकट नहीं मिलने से ही चिंतामणि महाराज ने एक समय भाजपा से नाता तोड़ लिया था। अब टिकट की शर्त पर ही उन्होंने भाजपा से नाता जोड़ लिया। वे सरगुजा जाने - माने समाजसेवी एवं इंदिरा गांधी समाजसेवा पुरस्कार से सम्मानित गहिरा गुरु के पुत्र हैं। सरगुजा का विश्वविद्यालय उनके पिता के नाम पर है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 11 में से 2 सीटों को छोड़कर बाकी 9 सीटों के प्रत्याशी बदल दिए गए हैं। इनमें तीन पूर्व सांसद बिलासपुर से अरूण साव,सरगुजा से सांसद रहीं श्रीमती रेणुका सिंह और रायगढ़ से गोमती साय विधानसभा चुनाव लड़कर विधायक बन चुके हैं। दुर्ग से विजय बघेल और राजनांदगांव सीट से संतोष पाण्डेय दोबारा चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। बिलासपुर लोकसभा सीट पार्टी ने अरूण साव के बाद एक बार फिर साहू जाति के उम्मीदवार पर ही विश्वास जताया है। पूर्व विधायक तोखन साहू को प्रत्याशी बनाया गया है। तोखन साहू 2013 के विधानसभा चुनाव में लोरमी सीट से कांग्रेस के कद्दावर नेता धर्मजीत सिंह को हराकर पहली बार विधायक चुने गए थे। डा. रमन सिंह सरकार में वे संसदीय सचिव बनाए गए थे। नया संयोग यह है कि धर्मजीत सिंह भी अब भाजपा में हैं।

न्यूज गैलरी

रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार के रूप में संरक्षित नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 1998 के 'पीवी नरसिम्हा राव' मामले में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह सर्वसम्मत फैसला दिया। पीठ ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है।

बुलंदशहर की नहर में गिरे तीन लोगों की तलाश अब तक जारी

बुलंदशहर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के जहांगीरपुर क्षेत्र में नहर में गिरी वैन से लापता तीन लोगों का अब तक पता नहीं चल सका है। गौरतलब है कि गांव कपना के निकट रविवार रात बरातियों से भरी ईको वैन नहर में गिर गई। हादसे में तीन बरातियों की मौत हो गई, जबकि तीन नहर में बह गए। दो को सकुशल बचा लिया गया

हिमाचल में भारी हिमस्खलन, चंद्रभागा नदी का प्रवाह अवरुद्ध, 1 की मौत

शिमला(वार्ता)। हिमाचल में भारी हिमपात के बाद पिछले 24 घंटों में लाहौल स्पीति जिले और किन्नौर में दो अलग-अलग हिमस्खलनों ने सार्वजनिक तथा निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। किन्नौर जिले में हिमस्खलन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को जारी प्रेस बयान में बताया कि जिले के सिंगुलर सेक्टर 26 तहसील निचार के पास हिमस्खन की चपेट में आने से कुल्लू निवासी युवक मदन (27) की मौत हो गयी। पिछले 24 घंटों में, राज्य में किन्नौर और कुल्लू जिलों में करीब छह हिमस्खलन दर्ज किए गए, और अधिक हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। लाहौल स्पीति जिला प्रशासन ने जनजातीय जिले में स्थानीय लोगों और पर्यटकों संभावित हिमस्खलन वाले क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है।

एनआईए करेगी बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट की जांच

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच अब एनआईए करेगी। अभी तक इस मामले की जांच सीसीबी और कर्नाटक पुलिस के हाथ में थी। लेकिन किसी तरह की कामयाबी हाथ नहीं लगी है। अब गृह मंत्रालय ने मामला एएनआई को सौंप दिया है। शहर के मशहूर रामेश्वरम कैफे में हुई इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे और सभी का इलाज कई निजी अस्पतालों में चल रहा है। कर्नाटक सरकार ने इन घायलों को मुआवजा देने का ऐलान भी किया है। सीएम सिद्धारमैया ने भी विस्फोट स्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक अध्यक्षता की और उन्हें मामले की निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक संदिग्ध 28 से 30 साल के बीच का कोई शख्स है और वह दोपहर के वक्त कैफे में आया था। उसने यहां रवा इडली के लिए एक कूपन खरीदा लेकिन इडली खाए बिना ही कैफे से चला गया। माना जा रहा है कि उस ही शख्स ने बैग वहां छोड़ा था। बेंगलुरु पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के स्नैपशॉट भी जारी किए जहां उसका चेहरा मास्क और कैप से ढका हुआ दिखाई दे रहा है। रामेश्वरम कैफे के सह-संस्थापक और सीईओ राघवेंद्र राव ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और सख्त कार्रवाई होने की बात कही। साथ ही राघवेंद्र राव ने कहा कि आपसी कंपटीशन जैसी कोई बात यहां नहीं है और इस पूरे मामले में ऐसा कोई एंगल भी नहीं है। इस बीच, विपक्ष ने सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला किया और कहा कि बम विस्फोट के तथ्य छिपाए जा रहे हैं।

किसानों का मसला गंभीर, पब्लिसिटी के लिए यहां न आएं

फटकार लगाकर सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली (ए.)। किसान आंदोलनकारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों के खिलाफ ऐक्शन लेने की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

अदालत ने कहा कि किसानों का मसला गंभीर है और इस पर सिर्फ चर्चा पाने के लिए अर्जियां न डालें। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने पीआईएल को खारिज करते हुए कहा कि इस मसले पर पहले ही हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। फिर इसे यहां लाने की क्या जरूरत है। याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट अथॉरिटीज को आदेश कि वह उन लोगों पर ऐक्शन ले, जो किसानों और सिखों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। इससे देश में सांप्रदायिक सद्भाव भी खराब होता है।

इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं सिर्फ पब्लिसिटी पाने के लिए नहीं दायर करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने याची को अर्जी वापस लेने की अनुमति दी। उन्होंने किसानों से जुड़े मसलों को गंभीर बताते हुए कहा कि सिर्फसमाचार पत्रों की रिपोर्ट के आधार पर पब्लिसिटी के लिए अर्जी नहीं डालनी चाहिए। अदालत ने कहा,'सिर्फपब्लिसिटी पाने के लिए ऐसी अर्जियां न डालें। हाई कोर्ट पहले ही इस मसले पर सुनवाई कर रहा है और आदेश भी दिया है। इस बात का ध्यान रखें। यह जटिल मामले हैं। खुद भी रिसर्च करिए।' अर्जी में कहा गया था कि केंद्र सरकार एवं चार राज्य सरकारें किसानों के अधिकारों का हनन कर रही हैं। इस अर्जी में यह मांग भी की गई कि आंदोलन में मारे गए किसानों परिवारों को उचित मुआवजा भी दिया जाए। इसके अलावा घायलों को भी राहत राशि मिले। इसके अलावा यह डिमांड भी की गई कि अदालत केंद्र एवं राज्य सरकारों को आदेश दे कि किसानों को दिल्ली के लिए रास्ता दिया जाए। उन्हें दिल्ली की सीमाओं पर रोका न जाए। याचिका में कहा गया कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे किसानों का केंद्र एवं 4 राज्य सरकारों ने हनन किया है।

किसानों के लिए खोले जाएं रास्ते, अकाउंट्स भी हों अनब्लॉक

सिख चेंबर ऑफ कॉमर्स के एमडी एगनोस्टोस थियोस की ओर से दाखिल अर्जी में अदालत से यह मांग भी हुई कि वह केंद्र सरकार को आदेश दे कि जरूरी मांगों पर विचार किया जाए। इसके अलावा उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उनके खिलाफ दर्ज केसों को वापस लिया जाए। यही नहीं उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स को अनब्लॉक किया जाए और सीमाओं पर लगाई गई बैरिकेडिंग को खत्म किया जाए।

नफे सिंह राठी मर्डर केस में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 2 शूटर गोवा से अरेस्ट

नई दिल्ली। नफे सिंह राठी मर्डर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने राठी की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों की पहचान सौरव और आशीष के रूप में हुई है। झज्जर पुलिस, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ के ज्वाइंट ऑपरेशन के बाद इन दोनों आरोपियों को गोवा से पकड़ा गया है। ये दोनों आरोपी कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े हुए हैं। नफे सिंह राठी हत्याकांड मामले में पुलिस को अभी दो शूटरों की और तलाश है। पुलिस की जांच में पता चला था कि इस घटना को अंजाम देने में 4 आरोपी शामिल थे। ये सभी शूटर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े हुए हैं। गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू फिलहाल लंदन में है। वहीं इस मामले में दोनों शूटरों की गिरफ्तारी को लेकर आज शाम को झज्जर पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस भी कर सकती है। इस बीच, हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि नफे सिंह राठी की हत्या में शामिल आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और इस संबंध में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रायबरेली नहीं इस सीट से चुनाव लड़ सकती है प्रियंका वाड्रा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव नजदीक है। बीजेपी ने 195 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार मैदान में होंगे। फिलहाल कांग्रेस ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रियंका गांधी रायबरेली से नहीं बल्कि दमन दीव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने इस बात को लेकर किसी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। दमन दीव से मौजूदा सांसद लालूभाई पटेल एक बार फिर बीजेपी की ओर से मैदान में हैं। कांग्रेस दमन और दीव के अध्यक्ष केतन पटेल ने रविवार अपने बयान के जरिए यह संकेत दिए हैं कि कांग्रेस दमन दीव से चुनाव लड़ सकती हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने पटेल के हवाले से कहा, प्रियंका गांधी दमन और दीव से संभावित उम्मीदवार हो सकती हैं। मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूं।

इस बीच भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है, जिसमें वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से पीएम मोदी भी शामिल हैं।

विधानसभा में भिड़े सीएम मान और नेता विपक्ष

नई दिलली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मचे हंगामे को लेकर स्पीकर कुलदीप सिंह संधावा को यह सलाह दे डाली कि स्पीकर विधानसभा के गेट पर ताला लगा दें कि जिससे कोई भी विपक्षी दल का विधायक सदन से बाहर जा ही न सके। इस दौरान सीएम भगवंत मान और नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के बीच सदन के अंदर इतना हंगामा मच गया कि स्पीकर के लिए भी स्थिति को कंट्रोल करना मुश्किल हो गया। दरअसल, सीएम भगवंत मान ने स्पीकर कुलदीप सिंह को ताला और चाबी गिफ्ट करते हुए कहा कि इसे सदन के बाहर लगा दीजिए, जिससे विपक्ष बाहर न निकल पाए और यहां सदन के अंदर बैठकर सच सुने। सीएम भगवंत मान ने कहा कि विपक्ष बहाना बनाकर भागने की कोशिश करेगा, इन्होंने राज्यपाल का भाषण तक पूरा नहीं होने दिया है, सीएम भगवंत मान ने स्पीकर से गुजारिश की कि विपक्षी दलों के विधायकों को भागने ही न दिया जाए। सीएम भगवंत मान लगातार विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते रहे।

आधुनिक और परंपरागत चिकित्सा पद्धति का संयुक्त अनुसंधान आवश्यक : मांडविया

नई दिल्ली, (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने आधुनिक और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों की संयुक्त अनुसंधान पर जोर देते हुए कहा है कि इससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य देखभाल सेवा के अंतर को समाप्त किया जा सकता है।

मांडविया सोमवार को यहां राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष के क्षेत्र में अनुसंधान की बहुत आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की सेवा उचित और किफायती रूप से पहुंचा जा सकती है।

लोकसभा चुनाव 2024 में अगर मोदी पीएम नहीं बनेंगे तो हो जाएगा तीसरा विश्व युद्ध : पैदी राकेश रेड्डी

हैदराबाद। तेलंगाना में लोकसभा चुनाव 2024 की हलचल शुरू हो गई है। बीजेपी के सभी नेता प्रचार में जुट गए हैं। बीजेपी की केंद्रीय समिति ने तेलंगाना के 9 उम्मीदवारों के साथ पहली सूची भी जारी की है। बहरहाल इस बार बीजेपी देश में 400 लोकसभा सीटें जीतने और सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। मोदी सरकार की ओर से लागू की गई योजनाओं और सुधारों को जन-जन तक पहुंचाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में बढ़े मतदान प्रतिशत को मात देने के बाद मोदी सरकार दूसरे वोटरों को फिर एक बार का अहसास कराने की कोशिश कर रही है। इसके तहत मौजूदा सांसदों के साथ-साथ विधानसभा चुनाव जीतकर आए विधायक भी जनता के बीच जा रहे हैं। ऐसे में तेलंगाना के एक विधायक की ओर से दोबारा मोदी सरकार आने की बात कहते हुए की गई टिप्पणी अब चर्चा का विषय बन गई है। वारंगल पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तेलंगाना बीजेपी की विजय संकल्प यात्रा के तहत बैठक आयोजित की गई। इसमें भाग लेने वाले आर्मोर बीजेपी विधायक पैदी राकेश रेड्डी ने सनसनीखेज टिप्पणी की। दुनिया के देशों को भी मोदी की जरूरत राकेश रेड्डी का मानना है कि रूस और यूक्रेन जैसे युद्ध के माहौल को दूर करना चाहिए। अगर चीन, मनीला, थाईलैंड और ताइवान जैसे देशों में युद्ध के माहौल को कम करना है तो एक बार फिर मोदी को आना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जरूरत सिर्फ भारत को ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों को है। पैदी राकेश रेड्डी ने आगे सनसनीखेज बयान दिया कि अगर मोदी दोबारा पीएम नहीं बने तो दुनिया में उथल-पुथल मच जाएगी और तीसरे विश्व युद्ध की आशंका है।

झूठी गारंटियों का झोला लेकर घूम रहे पीएम मोदी : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को पीएम मोदी की नीयत पर सवाल खड़े कर दिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिये आरोप लगाया कि पीएम मोदी की रोजगार देने की नीयत ही नहीं है। नए पद निकालना तो दूर की बात है, वह केंद्र सरकार के खाली पड़े पदों पर भी कुंडली मार कर बैठे हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अगर संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हजार पद खाली पड़े हुए हैं। महत्वपूर्ण विभागों में ही देखें तो रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। क्या केंद्र सरकार के पास इस बात का जवाब है कि 15 प्रमुख विभागों में 30 फीसदी से ज्यादा पद खाली क्यों हैं? कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे लिखा कि 'झूठी गारंटियों का झोला' लेकर घूम रहे प्रधानमंत्री के अपने ही कार्यालय में बड़ी संख्या में अति महत्वपूर्ण पद खाली क्यों हैं? स्थाई नौकरी देने को बोझ मानने वाली भाजपा सरकार लगातार संविदा व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है, जहां न सुरक्षा है और न सम्मान। खाली पड़े पद देश के युवाओं का हक हैं और हमने इन्हें भरने के लिए एक ठोस प्लान तैयार किया है।

ढ्ढह्यष्ठ्ठ का संकल्प है, हम युवाओं के लिए नौकरी के बंद द्वार खोल देंगे। बेरोजगारी के अंधेरे को चीर कर युवाओं के भाग्य का सूर्योदय होने वाला है।

इंडिया गठबंधन को लगा बड़ा झटका, चंडीगढ़ सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर बीजेपी जीती

चंडीगढ(ए.)। चंडीगढ़ में आज सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुआ। सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर भाजपा की जीत हुई है। बीजेपी के कुलजीत संधू सीनियर डिप्टी मेयर और रजिंदर सिंह ने डिप्टी मेयर पद पर जीत हासिल की है।

बता दें कि बीजेपी की जीत पहले से ही पक्की मानी जा रही थी, क्योंकि आम आदमी पार्टी के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए थे। हालांकि इसके बावजूद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता इन पदों पर जीत का दावा कर रहे थे।

ऐसे मिली बीजेपी उम्मीदवार को जीत

बता दें कि बीजेपी की उम्मीदवार कुलजीत संधू को इस चुनाव में 19 वोट मिले जबकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार को 16 वोट मिले। एक वोट अवैध घोषित किया गया।

सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के वोटिंग के पहले बीजेपी के पास 17 वोट थे और चंडीगढ़ से बीजेपी की सांसद किरण खेर हैं। ऐसे में वह भी वोटर थी। इस प्रकार कुल बीजेपी को 18 वोट मिले थे। लेकिन कुलजीत संधू को 19 वोट मिले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के एक पार्षद ने क्रॉस वोटिंग की है और बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया है।

चंडीगढ़ सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की ओर से सीनियर डिप्टी मेयर के लिए गुरप्रीत गाबी और डिप्टी मेयर के लिए निर्मला देवी को प्रत्याशी बनाया था। इस बीच खबर ये भी आई कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने मतपत्रों में छेड़छाड़ का आरोप लगाया और फिर सदन से निकल गए।

जानिए क्या है बहुमत का आंकड़ा

बता दें कि चंडीगढ़ में 35 पार्षद हैं और एक सांसद होता है। ऐसे में कुल 36 वोट हैं। बीजेपी को बहुमत के लिए 19 वोटों की जरूरत थी और उसे वह मिल गया। जबकि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को महज 16 वोट मिले।

चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में चुनाव कराया गया है। ये चुनाव पहले 27 फरवरी को होने थे लेकिन कुलदीप कुमार की अनुपस्थिति के कारण यह नहीं हो पाया।

20 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के नतीजे को पलट दिया था और कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित किया था। इससे बीजेपी को करारा झटका लगा था।

न्यूज गैलरी

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। धरमनगर टिकरापारा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर लोहे के स्टीक से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार साहू 34 वर्ष धरमनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी साहिल यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। बाजार चौक देवरी में दो युवकों ने मामूली बात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी करण साहू 27 वर्ष ग्राम देवरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल गांव के बाजार चौक के पास खड़ी बाइक पर हाथ रख दिया था। जिससे आरोपी तुकाराम साहू व अजय साहू ने क्यों बाइक पर हाथ रखा है कहते हुए विवाद कर प्रार्थी के कुल्हे के पास चाकू मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस के हत्थे चढ़े तीन जुआरी

रायपुर/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस ने सेंट स्कूल के पास जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2240 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सेंट पाल स्कूल के परिसर में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अमरदीप 20 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2240 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 85 पाव देशी शराब एवं एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम तिवरैया मोड़ के पास टीवीएस एक्सल से अवैध शराब लेकर जाते आरोपी अशोक साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने अवतार बघेल 24 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने भरोसा यादव के पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आचार संहिता के पूर्व होगा अलंकरण समारोह : टंकराम वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। खेल अलंकरण को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि आचार संहिता के पहले खिलाड़ियों को अलंकरण मिलेगा. हम लोग अलंकरण की तैयारी कर लिए हैं. सीएम की व्यस्तता के कारण निर्धारित नहीं हो रहा है. हम लोग उत्साहित हैं. हम लोग देख रहे हैं कि कितना जल्दी ये आयोजन करें. आचार संहिता के पहले हो जाएगा इसका प्रयास है. वहीं आरआई भर्ती परीक्षा की पटवारीयों द्वारा उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर मंत्री ने कहा कि अभी तक हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है. शिकायत आएगी, लगेगा जांच करना है तो जांच कराएंगे. कोई दिक्कत नहीं है. बता दें कि भर्ती परीक्षा को लेकर पटवारी संघ ने आपत्ति जताई है. पटवारी संघ ने की ऋद्ध भर्ती परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. इसके लिए संघ ने सीएम को पत्र लिख गड़बड़ी की आशंका जताई है।

बैंक आफिसर्स ने की रामनवमीं पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। 17 अप्रैल को रामनवमीं के पावन अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए ऑल इंडिया बैंक आफिसर्स कॉन्फिडेरेशन छत्तीसगढ़ शाखा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम ने दण्डकारण्यमें अधिकांश समय बीताया था। इसीलिए रामनवमीं पर्व राज्य का एक प्रमुख पर्व है औरर यहां की जनता बड़े हर्षोल्लास के साथ इसे मनाती है। देश के 20 राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में अपने विशेश अधिकार का उपयोग कर एनआई एक्ट के तहत अने राज्यों में पहले ही अवकाश घोषित किया है। अतः 17 अप्रैल को रामनवमीं के अवसर पर निगेशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के तहत छत्तीसगढ़ में भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

चरित्र संदेह के चलते पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने भी लगाई फांसी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चरित्र संदेह पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति भरत साहू ने भी खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना कबीर नगर थाना क्षेत्र के सोंनडोंगरी की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पति अपनी पत्नी से आए दिन मारपीट करता था। शनिवार रात पति पत्नी के बीच चरित्र पर शक के चलते विवाद हुआ था।

राजिम कुंभ में विराट सनातन संस्कृति के होते हैं दर्शन : शंकराचार्य

- **संतों की वाणी से लोगों को सदाचार की मिलती है शिक्षा - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद**
- **विराट संत समागम का हुआ उद्घाटन, देशभर के साधु-संत हुए शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। राजिम कुम्भ कल्प में विराट संत समागम का शुभारंभ हुआ। संत समागम में अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज सहित देशभर के साधु-संत शामिल हो रहे हैं। संत समागम के प्रारंभ में दोनों शंकराचार्यों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। मुख्य मंच पर दोनों शंकराचार्यों की विधि-विधान से अगुवानी खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजिम विधायक श्री रोहित साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की।

संत समागम में द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि धर्म रूपी कल्पवृक्ष का बीज प्रभु श्रीराम हैं। श्रीराम ने मनुष्य बनकर वो दिखाया, जो मनुष्य को करना चाहिए। हमारे वेदों का ज्ञान संतों से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ में विराट सनातन संस्कृति के दर्शन होते हैं। ऐसे आयोजनों से संस्कृति की रक्षा होती है। धर्म की रक्षा करनी है तो धर्म का पालन करें। धर्म की स्वयं रक्षा हो जाएगी। धर्म मार्ग पर चलने की शिक्षा हमें कुंभ से मिलती है। बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि संतों की वाणी से लोगों को सदाचार व्यवहार की शिक्षा मिलती है। राजिम का त्रिवेणी संगम, आचार्य का समागम, अध्यात्मिक लाभ से पवित्र स्थल बन चुका है। कुंभ कल्प का मतलब कुंभ जैसा होना है। कुंभ कल्प बोलने से मान घटता नहीं है बल्कि और बढ़ जाता है।

इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि राजिम कुंभ कल्प में दोनों शंकराचार्य का दर्शन लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है। उन्होंने जगतगुरूओं से छत्तीसगढ़ और सभी लोगों के सुख और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र राजिम के विधायक रोहित साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री साय ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी के किए दर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचकर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। स्वामी जी राजिम कुंभ के संत समागम में भाग लेने छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए हैं। इसके अलावा वे प्रदेश में होने वाले अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी को राजिम कुंभ आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया जा रहा है। देश भर से यहां संत समागम हुआ है। छत्तीसगढ़ के लोग बड़े भाग्यशाली हैं कि उन्हें आपका आशीर्वाद इस मौके पर मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी से कहा कि राजिम कुंभ के माध्यम से संत समागम का उद्देश्य पूरा हो रहा है जिससे सनातन परंपरा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी।

शंकराचार्य जी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए जिस तरह से राजिम कुंभ में तैयारी की गई है और संत समागम हुआ है उससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में आध्यात्मिक वातावरण और उन्नत होगा। भगवान श्री राजीव लोचन जी और कुलेश्वर महादेव जी की पुण्य भूमि संगम नगरी राजिम में यह सुंदर आयोजन हो रहा है इससे निश्चित रूप से श्रद्धालुओं के लिए उत्साहपूर्ण वातावरण बना है। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे।

संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प में सनातन गुरूओं से की भेंट

- **संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, वीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल, लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी किया अवलोकन**

रायपुर/नवप्रदेश। धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार की देर रात्रि राजिम कुंभ मेला स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आज जानकी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के राजिम आगमन के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी जगहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री श्री अग्रवाल ने मेला स्थल में निर्मित संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, वीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल एवं लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने दंडी स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्य मंच से लेजर एवं लाइट शो का अवलोकन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य मंच एवं गंगा आरती स्थल में जानकी जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के सुचारू संचालन की जरूरी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू, मेला सुरक्षा अधिकारी आईपीएस श्री भोजराम पटेल, उप संचालक पर्यटन विभाग श्री प्रताप पारख एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर टंकराम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट अब तक जारी नहीं होने लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंन कहा है कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी नहीं है. कोई लड़ने के लिए तैयार ही नहीं है. धर पकड़ के प्रत्याशियों को लाया जा रहा है. रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया है. कोई लड़ने वाला तैयार नहीं है. भारतीय जनता पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत है कि इस बार 400 का आंकड़ा पार होगा. लोगों में उत्साह है. कार्यकर्ताओं में उत्साह है. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन विश्व के लोकप्रिय नेता हैं. आज पूरा देश उनके तरफ निगाहें करके बैठा है. इस बार रायपुर लोकसभा रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे.

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पहले अपने आप को जोड़ लें. भारत भूमि से अपने आप को जोड़ लें. उसके बाद फिर वह देश को जोड़ें. जो अपने आप को जोड़ नहीं पाए वो देश को क्या जोड़ेंगे. महंगाई की क्या बात करेंगे. हमारी सरकार आते ही बेरोजगारो के लिए कितनी सरकारी भर्तियां निकाल दी. वैकेंसी निकल दी।

लघु फिल्म 'जमीन' को मिला सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन एवं छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा छ.ग. हेल्पेज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन का पंचम प्रादेशिक सम्मेलन तथा टेली लॉ लघु फिल्म महोत्सव का पुरस्कार वितरण प्रो.जे. एन.पाण्डेय शास. बहु. उत्कृष्ट उच्च. माध्य. विद्यालय में 03.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छ.ग.उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर थे तथा विशिष्ट अतिथि अनुपमा दत्ता, डायरेक्टर, हेल्पेज इंडिया, दिल्ली तथा वक्तव्य के रूप में शुभांकर विश्वास, छ.ग.प्रमुख, हेल्पेज इंडिया, रायपुर एवं डॉ.श्रीमती उषा किरण बाजपेई, अधिवक्ता-परामर्शदाता कुटुम्ब न्यायालय थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्जवल कर किया गया ।

सरेआम शराब पीते 38 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने एमजी रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी बादल बैरागी 24 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार बघेल 45 वर्ष व रितेश तांडी 25 वर्ष को गिरफ्तार यिका है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी गजेंद्र पटेल 36 वर्ष व तुलेश्वर सोनकर 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी विक्रांत सामरिक 35 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने दीलदीप चतुर्वेदी 40 वर्ष, आयुष ध्रुव 21 वर्ष, अभिलास दास 35 वर्ष व अरूण कुमार साव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी संतोष मुदलियार 38 वर्ष व रमेश सोनी 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी सोनु सिंह 26 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी विपल्व चक्रवर्ती 51 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी शुभम सिंह 29 वर्ष, तुराब अली 29 वर्ष, लोकेश यादव 29 वर्ष, नरेन्द्र माहेश्वरी 28 वर्ष, सुखचंद बछार 30 वर्ष, राकेश बंजारे 30 वर्ष, थानेश्वर साहू 28 वर्ष, जयराम सिंह 36 वर्ष, दीपक साकेत 29 वर्ष व अनिल कुमार यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी रतनलाल यादव 43 वर्ष, मन्नुलाल नायक 45 वर्ष व परदेशी धीवर 65 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी देवकुमार लक्ष्मण 25 वर्ष, त्रिलोकी यादव 27 वर्ष, जितेन्द्र निषाद 21 वर्ष, चंद्रहास निषाद 33 वर्ष, मनोज कुमार साहू 38 वर्ष, राजेन्द्र नागरिया 26 वर्ष, कौशिक साहू 47 वर्ष व शीतल साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

खेन मंत्री टंकराम ने दिया संदेश, युवा नशा से रहें दूर

- **क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए खेल मंत्री श्री वर्मा**

रायपुर/नवप्रदेश। युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का जीवन को सफल बनाने वाले सकारात्मक कार्यों में उपयोग करें। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से हमें प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेलों से युवाओं का जुड़ाव यह बताता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है।

यह बात प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर में देवपुरी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार और जीत का दौर चलता रहेगा, हमें कभी घबराना नही है। खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी गलतियों को सुधारना भी है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू,कसडोल विधायक श्री संदीप साहू,रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक श्री नंदकुमार साहू,धरसींवा पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल,तिल्दा जनपद सभापति श्री शिवशंकर वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

सुविचार

यदि कोई आप पर व्यंग्य करता है तो बुरा मत मानिए क्योंकि व्यंग्य ताकतवर लोगों के खिलाफ कमज़ोर लोगों का हथियार होता है। - अज्ञात

संपादकीय

परिवारवाद पर कड़ा प्रहार

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ती जा रही हैं। एक ओर तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में घूम घूम कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को भेदने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर कांग्रेस को मुकाबले में लाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। अन्य विपक्षी नेता भी अपने- अपने स्तर पर चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। बिहार में महागठबंधन ने एक रैली की। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के अलावा वामपंथी दलों के नेताओं ने शिरकत की और सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमले किए। इस रैली में शामिल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो बड़ा बोल बालते हुए यहां तक कह दिया कि उत्तरप्रदेश और बिहार की सभी 120 सीटें भाजपा हारने जा रही है। यहां तक तो ठीक है। हर पार्टी अपनी जीत का दावा करती ही है। लेकिन इसी रैली में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर व्यक्तिगत हमला कर दिया। उन्होंने पीएम मोदी के बयानों को लेकर अपनी खीज यह कहकर निकाली कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तो खुद कोई परिवार नहीं है और न ही वे हिंदू हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी जनसभा में परिवारवादी पार्टियों पर जमकर निशाना साधते आ रहे हैं। इसी से चिढ़कर लालू प्रसाद यादव ने इस तरह का विवादास्पद बयान देकर आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली। लालू यादव का नाम लिए बगैर पीएम मोदी ने तेलंगाना में आयोजित एक जनसभा में उन्हें करारा जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वो लोग कहते है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। जबकि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि इस देश की 140 करोड़ जनता मेरा परिवार है और मैं अपने इसी परिवार की भलाई के लिए दिन रात काम करता रहता हूं। मेरा अपना कोई सपना नहीं है। मै सिर्फ देशवासियों के लिए बेहतर करने की कोशिश करता हूं। इसके बाद उन्होंने जनसमुदाय से यह नारे भी लगवाए कि मेरा परिवार मोदी का परिवार है। यह तो वहीं बात हुई जब पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चोर चौकीदार कहकर उनकी खिल्ली उड़ाई थी। इसके बाद से पूरे देश में भी चौकीदार का अभियान छिड़ गया था। अब वही गलती लालू प्रसाद यादव ने कर दी है। जाहिर है विपक्षी नेताओं के पास पीएम मोदी के खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए वे इस तरह के उलजुलूल बयान देते रहते हैं। यहां तक की गाली गलौज करने से भी बाज नहीं आते। ऐसा करके वे भले ही अपनी भड़ास निकाल लेते हैं। लेकिन इससे पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता पर कोई असर नहीं पड़ता। पीएम मोदी का तो यह भी कहना है कि विपक्षी नेता उन्हें चाहे जितनी गालियां दें वे इन गालियों को गहना बना लेते हैं। यह बात वाकई सही है। पीएम मोदी को जितनी गालियां दी जाती हैं। वे उतने ही ज्यादा ताकतवर बनकर उभरते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बना रखा है और पीएम मोदी लगातार परिवारवाद पर कड़े प्रहार कर रहे हैं। इसी से बौखलाकर परिवारवादी पार्टियों के नेता जो सिर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबे रहे हैं। वे पीएम मोदी को निशाना बना रहे हैं और अनर्गल प्रलाप करके अपनी बची खुची प्रतिष्ठा भी गवां रहे हैं। बेहतर होगा कि चुनावी सभाओं में विपक्षी नेता व्यक्तिगत हमले करने से परहेज करें। वरना उन्हें इसका लाभ नहीं होगा उल्टे नुकसान उठाना पड़ेगा।

अतिआत्मविश्वास से बचने की नसीहत

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने लोकसभा की सभी 11 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने के साथ ही चुनावी तैयारी भी जोरशोर से शुरू कर दी है। जबकि कांग्रेस पार्टी में अभी तक प्रत्याशियों का चयन नहीं हो पाया है। भाजपा में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के सभी 17 प्रकोष्ठों का एक सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और पवन साय तथा उपमुख्यमंत्री अरूण साव जैसे वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी तैयार में जुट जाने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी नसीहत दी है कि भाजपा कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास में न रहें। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाने के लिए और 51 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताएं। यह सही है कि कई बार अतिआत्मविश्वास के कारण पार्टी को नुकसान उठाना पड़ता है। चाहे कोई भी पार्टी हो यदि उसके कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास में आ जाते हैं और आत्ममुग्धता का शिकार हो जाते हैं तो पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ जाता है। और कई बार जीती हुई बाजी भी हार जाना पड़ता है। भाजपा नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं को इसी वजह से यह नसीहत दी है। अब देखना होगा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता इस नसीहत को कितनी गंभीरता से लेते हैं?

डॉ नीलम महेंद्र

इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। । लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

लैंगिक समानता का मूल चिंतन

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है।

देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरूष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं।

धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा हो या राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज

के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते।

लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं।

जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं। और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं। क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है।

हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

आज का इतिहास

1851 में 5 मार्च के दिन ही भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना की गई थी। 1918 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने पेट्रोग्राड को हटाकर मॉस्को को रूस की राजधानी बनाया था। 1931 में 5 मार्च के दिन ही महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन खत्म किया था। 1949 में आज ही के दिन भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई थी। 1962 में 5 मार्च को ही कनाडा में आयकर नियमों में बदलाव किया गया था। 1968 में आज ही के दिन मार्टिन लूथर किंग की हत्या की गई थी। 1982 में 5 मार्च के दिन ही रूसी उपग्रह वेनेरा 14 बुध की कक्षा में पहुंचा था। 1990 में आज ही के दिन सरकार ने 1984 के भोपाल गैस त्रासदी के पांच लाख पीड़ितों के लिए INR 360 करोड़ की अंतरिम राहत की घोषणा की थी। 1997 में 5 मार्च के दिन ही उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच 25 साल में पहली बार शांति वार्ता हुई थी। 2002 में आज ही के दिन राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था। 2002 में आज ही के दिन राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उन दिनों जलते हुए

उन दिनों जलते हुए दिपक से खेलता था जब संध्या में घर पर जलता था दिपक जाहिर है आग जलाता है पर उन दिनो उसकी असली प्रवृति से अनभिज्ञ था, आज भी जलने का दुःख स्मृति गगन में सुरझित है , अक्सर ही एक विचार उठता है कि सबको इस दुःख से मुक्त रखें

बलदाऊ गोस्वामी

चार चरण में है लिखी

चार चरण में है लिखी, अपने मन की बात! इसी भाँति जाहिर करूँ,मै अपने जज्बात!! बातें जो अच्छी लगी,रखा उन्हीं का ख्याल । दोहों के आकार में, दिया उन्हें फिर ढाल ।। दोहे का प्रारूप यह, कहा किसी ने छन्द। लेने वाले ले रहे,....जिसे बाँच आनन्द ।। कह पाऊँ वो ही नही, ...कहनी है जो बात । फिर तो करना व्यर्थ है,जग जाहिर जज्बात।।

रमेश शर्मा

खास पाती

वफ़ा-ओ-फ़िक्र की रस्मों को तोड़

वफ़ा-ओ-फ़िक्र की रस्मों को तोड़ कौन गया अकेला इश्क़ की राहों में छोड़ कौन गया मेरे ख़िलाफ़ ही चलती है जंग क्यूँ मुझमें, जो रब्त ज़ेह्नो -जिगर में था तोड़ कौन गया असर है सब्र का बारिश है रेग्ज़ारों में, हमारी आँखों से आँसू निचोड़ कौन गया वो हादिसा था कि कोई हसद की हरक़त थी मेरे वजूद को गोया झिंझोड़ कौन गया मेरे तो साथ थे केवल हवाओं के झोंके, हमारी राह तो सीधी थी मोड़ कौन गयातेरे नसीब से मेरे नसीब का मिलना, बग़ैर मशविरा बाहम ये जोड़ कौन गया तुझे फ़सील में यादों की क़ैद कर 'रूपम' तमाम दर्द के अहसास छोड़ कौन गया।

निरुपमा चतुर्वेदी 'रूपम'

जनाब जंग के चाहे जो भी मसलसल

जनाब जंग के चाहे जो भी मसलसल हल निकले हमें उससे कोई गुरेज़ नहीं बस हम तो यह चाहिते है के जंग के बाद जो भी कबाड़ लोहा लखुंडा बचे उसे आप हमारे सुपुर्द कर दे ताकि पूरी विश्व बिरादरी के साथ ही हम अपनी अवाम को बता सके कि जंग में हमने भी लोहा लिया था।

राजीव वर्मा

हर लहर को गुमाँ है

'हर लहर को गुमाँ है कि में समंदर हूँ यह समंदर को नागवार गुजरी वह रेत पर बनाती अपने कदमों के निशाँ ..जब हवा बहा ले गई वह पहचान तब..लहर छोड़ आई समंदर किनारे अभिमान अपना ...

सीमा नागर तुली

सुनो देव लफ्ज़ो की खामोशियां

सुनो देव लफ्ज़ो की खामोशियां ना हो तबदील मायुसी में रख देती हूँ कुछ पल संभाल कर अपने सिरहाने तले जानती हूँ वहाँ वह थोडा कसमसाएंगे, थोडा अंतरनान्द करेंगे फिर पल भर को सोचेंगे वह मेरे सिरहाने तले हौले हौले शांत होंगे वें फिर सुबह की सुनहरी धूप में खिलखिलाएंगे, फिर रचेंगे एक नया चित्र मेरे आँचल तले पुनः उकेरेंगे कई कहानियाँ कुछ ग़ज़ल और नई कविताएं महकेंगे वही लफ़्ज़ फिर मेरे सिरहाने तलें

सुरेखा अग्रवाल

याद नश्तर सी है मत चुभाया करो

याद नश्तर सी है मत चुभाया करो यूँ तसव्वुर में मेरे न आया करो। मेरी सूरत में देखे तुझे आइना रूह में इस कदर तुम समाया करो। होती कदमों तले जिसके जन्नत सदा माँ के सज़दे में सर को झुकाया करो। मिल गई जो नज़र बस ग़ज़ल हो गई इश्क़ है क़ाफ़िया गुन गुनाया करो। मजहबी रहनुमा यूँ ख़ुदा बांट कर नाम मज़हब के घर मत जलाया करो। जीतना हो दिलों को तनुज गर तुम्हें जंग अपनों से हो हार जाया करो।

सतीश मैथिल तनुज

सागर की लहरें उठी,जैसे बारम्बार

सागर की लहरें उठी, जैसे बारम्बार । मेरे मन की पीर भी , द्वंद करे हर बार।। द्वंद करे हर बार, कहूँ क्या दिल की बातें। अद्भुत था वो प्यार, साथ गुजरी जो रातें।। विधना का यह खेल, लगे बदले नटनागर। कहे अर्चना सत्य , बने हैं नैना सागर। ।

अर्चना लाल

प्रेरक प्रसंग

नेता नहीं, मैं तो खिदमतगार हूँ

श्री रफी अहमद किदवई के पास कुछ सज्जन अपने किसी कार्यवश पहुँचे। सामान्य शिष्टाचार के पश्चात् उन्होंने पूछा- कहिए, मैं क्या सेवा कर सकता हूँ आपकी ?

आगंतुक बोले, देखिए हमारा सम्मेलन निकट ही है और हमें अभी तक टेलीफोन नहीं मिला है, इससे बड़ी असुविधा है और हाँ, आने वाले की संख्या बहुत अधिक है। सो यदि आप ट्रेन में एक विशेष बोगी और लगवा दें, तो बहुत सुविधा हो जाएगी और आप भी सम्मेलन में आने की अवश्य कृपा करेंगे। टेलीफोन लग गया। नियत समय पर ट्रेन में विशेष बोगी की सुविधा भी मिल गई, किंतु तीसरी बात के उत्तर में उन्होंने कहा, सम्मेलन वगैरह से तो मैं दूर ही रहता हूँ। मैं नेता नहीं हूँ। खिदमतगार हूँ। मुझे तो इसी काम के लिए रहने दीजिए।

QUIZ TIME

1) बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास शांति प्रयास ढ्ढ्ढ कहाँ आयोजित किया गया हैं?

2) नए संसद भवन को बनने में लगभग कितने रुपए खर्च आया है?

3) जनवरी 2024 में मोह-जुज भैंस लड़ाई की किस राज्य में वापसी हुई?

4) दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में किसने कार्य किया?

5) किसने दुबई में एक कॉन्सर्ट में 100 से अधिक भाषाओं में गाना गाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कालाहांडी (2) 1200 करोड़ रुपए (3) असम (4) गुलजारीलाल नंदा (5) सुचेता सतीश

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -353

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 352 का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्जा		म	स्का		य
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। पूराना निवेश आज आपके बहुत काम सकता है। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं।

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन फेवरेबल है। आपको शिक्षकों से पढ़ाई में पूरी तरह मदद भी मिलेगी।

मिथुन राशि-आज आपको थोड़ा मानसिक तनाव हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकिर चिंतित रहेंगे। आपका अपने रोज के कामों में भी मन नहीं लगेगा। आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं।

कर्क राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। संतान पक्ष से आज आपको खुशखबरी मिल सकती है। जिससे अपका मन खुश हो जाएगा। कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहद ही शुभ है।

सिंह राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से एक्स्ट्रा भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अजनबी व्यक्ति की वजह से आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है।

कन्या राशि-आज आपका दिन फेबरेबल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे। पहले किए गए अच्छे कामों का आज आपको फायदा मिल सकता है। आप करियर में आगे बढ़ेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा होने के असार हैं। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता कर सकती है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना लगा रहेगा। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपके तरक्की में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में काफी इजाफा होगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा।

मीन राशि-आज आप अपनी ऊर्जा अच्छे कामों में लगा सकते हैं। सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। लेकिन छात्रों के लिए समय थोडा अनुकूल रहेगा।

न्यूज गैलरी

संयंत्र में मजदूर की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड-सेल के भिलाई स्टील प्लांट में एक बड़ा हादसा हो गया है। कर्मचारी की मौत को गई है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में मजदूर की मौत हो गई है। बेहोशी की हालत में मजदूर को मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शव को मेन मेडिकल पोस्ट से सेक्टर-9 हॉस्पिटल भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि न्यू खुर्सीपार निवासी करीब 48 वर्षीय सीताराम ठाकुर की मौत हो गई है। भिलाई कैरी कंपनी-बीसीसी के अधीन कार्यरत रहा। स्टोर में काम करता है। हादसे से जुड़ी दो तरह की बातें कही जा रही है। एक पक्ष कह रहा है कि वेनेडियम को एसएमएस में पहुंचाते वक्त ट्रक से उतारते ही वह बेचैन हो गया। चक्कर आने लगा। उसे साथियों ने तत्काल ट्रक में ही सीताराम को बैठाया, जहां हालत और खराब हो गई। तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है।

आवास के लिए 7 तक आवेदन

भिलाईनगर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारो के लिए तृतीय चरण में सूर्या विहार के पीछे वार्ड क्रं. 01 खम्हरिया में कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे , एनार स्टेट एवं माईल स्टोन स्कूल के पीछे में निर्मित आवास आबंटन के लिए उपलब्ध है। जिसके आबंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 29 फरवरी तक जमा करना निर्धारित किया गया था। उस तिथि में वृद्धि करते हुए 5 मार्च तक आवेदन पत्र विक्रय करने एवं 7 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा। निगम के विभिन्न स्थलो में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक-16 योजना शाखा के काउन्टर में कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन शाम 4 बजे तक नागरिक अपने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रति के साथ 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा भी कर सकते है।

मजदूर की मौत, अपराध दर्ज

भिलाई/नवप्रदेश। सुनिता उद्योग लाईट इंडस्ट्रीयल एरिया खुर्सीपार में विगत वर्ष हुए एक्सीडेंट में महिला मजदूर की मौत के बाद खुर्सीपार पुलिस द्वारा उद्योग के मालिक एवं मशीन ऑपरेटर के खिलाफ़ मामला दर्ज किया गया है। इस पर खुर्सीपार पुलिस के द्वारा आरोपी शिव कुमार साहू खोरबहरा साहू वार्ड 16 करंजा भिलाई और सुनिता उद्योग लाईट इंडस्ट्रीयल का मालिक सिद्धार्थ सुरी के खिलाफ धारा 287, 304 ए, 34 के तहत अपराध पंजीबद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मर्ग क्रमांक 29/2023 का जांच किया जांच के दौरान गवाहो से पूछताछ कर कथन लिया गया. कथन में मृतिका श्रीमती प्रेमिन ठाकुर पति गिरधारी ठाकुर उम्र 33 साल संगम चौक न्यु खुर्सीपार की निवासी थी।

कल से विश्वकर्मा कक्षाएं प्रारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई में प्रधानमंत्री युवा विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत व्यवसाय मेसन (राजमिस्त्री) की कक्षायें 06 मार्च 2024 दिन- बुधवार समय प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री युवा विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऑनलाईन पोर्टल में व्यवसाय मेसन (राजमिस्त्री) के पंजीकृत अभ्यर्थी संस्था में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।

विधायक सेन ने सुपर 30 विधायक प्रतिनिधि किए नियुक्त

■ **वैशाली नगर क्षेत्र के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं होटल रेस्टोरेंट कंसल्टेंट अमिताभ भट्टाचार्य, नागेंद्र सिंह, कान्हा महाराज, रमेश दादर, कन्हैया लाल लहरे, अब्दुल समद कुरैशी, अनीता वर्मा प्रतिनिधि बने**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा से भाजपा को लोकसभा में 1 लाख बड़ी लीड दिलाने का संकल्प दोहराते हुए सुपर 30 विधायक प्रतिनिधि की घोषणा की है। श्री सेन ने कहा कि वैशाली नगर की जनता और कर्मठ भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम ने विधानसभा में उन्हें 41 हजार मतों के अंतर से विजय दिलाया था। अब मोदी की हैट्रिक के लिए भाजपा प्रत्याशी को वैशाली नगर विधानसभा से 1 लाख की लीड दिलाने हम सभी कार्यकर्ता कमर कस तैयार हैं। भाजपा पूरे भारतवर्ष में जनाधार के साथ हर भारतीय की पसंद बनती जा रही है। लोकसभा चुनाव सहित छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के समर्थन में हजारों लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जनता की सेवा और राज्य तथा केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को घर घर जन जन तक पहुंचाने हम सभी संकल्पित हैं। वैशाली नगर भाजपा टीम को और भी मजबूत बनाने आज सुपर 30 प्रतिनिधियों की घोषणा उन्होंने की है, बहुत जल्द इन्हें वार्ड, निगम, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, रोजगार के क्षेत्र में सेवा की जिम्मेदारी देते हुए अहम दायित्व विधायक प्रतिनिधि के रूप में सौंपा जाएगा। सुपर 30 विधायक प्रतिनिधि टीम में वैशाली नगर क्षेत्र के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं होटल रेस्टोरेंट कंसल्टेंट अमिताभ भट्टाचार्य ,कान्हा महाराज, कन्हैया लाल लहरे महार समाज, सुनीत कुमार सिंह, हरीबंस सिंह कुशवाहा समाज, साहू समाज नेत्री भानबती साहू, भाजपा नेत्री निशा चौरसिया, भगवती देवी साव, भूतपूर्व सैनिक गिरजेश कुमार सिंह, मनीषा राठी, अक्षय श्रीवास, नम्रता महीप ढाकरे, बलदेव सिंह, वृंदानगर निवासी बी रामाराव, कृष्णा नगर निवासी उत्तम श्रीटांगे, माडल टाउन निवासी रमेश दादर, प्रियदर्शिनी परिसर निवासी नरेंद्र बांधे, राजीव नगर निवासी दीपक भोंडेकर, लक्ष्मी नगर निवासी सुमन वर्मा, सुपेला बाजार निवासी सचिन ताम्रकार, नेहरू भवन वार्ड निवासी विवेक सेन, कांट्रैक्टर कालोनी निवासी सूर्यकांत बघेल, मुस्लिम समाज से अब्दुल समद कुरैशी, उद्योगपति नागेंद्र सिंह, कोसानगर भाजपा मंडल महिला नेत्री मीना शुक्ला, लक्ष्मीनारायण सेन, महिला नेत्री उमा सोनकर, पूर्व पार्षद अनिता वर्मा, श्रमिक नेता दिलेश्वर राव, दिनेश सेन को शामिल किया गया है। रिकेश सेन ने प्रतिनिधियों को कहा है कि वो वार्ड पार्षद/छाया पार्षद के सहयोग और सामंजस्य से जनसमस्या एवं विकास कार्यों सहित अन्य समस्याओं के संबंध में प्रस्ताव बना कर समय समय पर उन्हें दूर करवाने आवश्यक पहल करेंगे तथा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को अपने वार्ड में घर-घर पहुंचा आमजन को लाभान्वित करने अहम भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री ने संभाग को दिए 268 करोड़ की सौगात

■ **सीएसवीटीयू भिलाई के नवनिर्मित शैक्षणिक आर्यभट्ट भवन का किया लोकार्पण**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग संभाग को 268 करोड़ के विकास कार्यों की सौगाते दी। उन्होंने आज भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संभाग अंतर्गत 268 करोड़ 56 लाख की लागत से 26 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में 10 करोड़ 35 लाख की लागत से नवनिर्मित विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के शैक्षणिक भवन आर्यभट्ट भवन का लोकार्पण भी किया। उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा

विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन, ईश्वर साहू एवं सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री साय ने टेक्नीनिकल यूनिवर्सिटी में आर्यभट्ट भवन निर्माण कार्य में संलग्न श्रमवीरों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज एक साथ ढ़ाई सौ करोड़ के कार्यां का लोकार्पण व भूमिपूजन हुआ है। इसका लाभ जिले के लोगों को मिलेगा। उन्हांने कहा कि सीएसवीटीयू परिसर में नवनिर्मित आर्यभट्ट भवन में अमेरिका की कम्पनी आईटी सेक्टर में कार्यरत है। जिसका प्रमुख छत्तीसगढ़ियां है, जो अभी अमेरिका में निवासरत् है। उनकी यह कंपनी सैकड़ां युवाओं को आईटी में ट्रेन कर, विदेश मे कार्य का अवसर भी देगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने सरकार द्वारा गारंटी पुरे किये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए है। किसानों का विगत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का धान बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरण किया गया है। वन क्षेत्रों में रहने वाले तेंदुपत्ता संग्रहकों से प्रति मानक बोरा 55 सौ में खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गांरटी के मुताबिक सरकार महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए शीघ्र देने जा रही है। योजना अंतर्गत प्रदेश में 70.74 लाख आवेदन प्राप्त हुए है। सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करेगी। इस वर्ष प्रदेश में किसानों से रिकार्ड 147 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी 31 सौ प्रति क्विंटल के मान से खरीदी हुई है। किसानों के समर्थन मूल्य पर भुगतान पश्चात अंतर राशि का अंतरण किसानों के खातों में शीघ्र किया जाएगा।

महापौर ने किया 97 करोड़ लाभ का बजट पेश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर नीरज पाल ने आज अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। बजट में शहर एवं जनहित के काम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 620 करोड़ 51 लाख 3 हजार व्यय करने का प्रावधान रखा गया है। महापौर ने शहर के युवाओं की बेहतर शिक्षा के लिए तक्षशिला निर्माण, रोजगार उपलब्ध कराने बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर व स्टार्टअप को बढ़ावा देने की मंशा बजट में जताई है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़कों का विकास व सौंदर्यीकरण, मांगलिक भवन, शिक्षा, खेल, वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था आदि के लिए भी बजट में राशि प्रावधानित किया है। सामान्य सभा में आज सभापति गिरवर बंटी साहू के निर्देश पर महापौर पाल ने बजट प्रस्तुत किया। आयुक्त द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के अनुमानित बजट में प्रारंभिक शेष राशि 132 करोड़ 93.49 लाख एवं आय 593 करोड़ 21.1 लाख, इस प्रकार कुल 726 करोड़ 14.50 लाख के विरुद्ध 654 करोड़ 92.29 लाख का व्यय अनुमानित है, एवं 71 करोड़ 22.21 लाख बचत का अनुमान है। उपरोक्त प्रस्ताव पर महापौर परिषद पर चर्चा उपरान्त प्रारंभिक शेष राशि 132 करोड़ 93.49 लाख एवं आय 585 करोड़ 48.44 लाख इस प्रकार कुल 718 करोड़ 41 लाख 93 हजार के विरुद्ध 620 करोड़ 51 लाख 3 हजार का व्यय संशोधन एवं सुझाव के साथ 97.90 करोड़ अंतिम शेष राशि का अनुमान है। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत दाई दीदी मेडिकल यूनिट से महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती रहेगी। इसके अलावा सड़क एवं सौंदर्यीकरण, मांगलिक भवन, सामाजिक आयोजनों, शिक्षा व्यवस्था, खेल सुविधा, मिशन ग्रीन भिलाई, जल संरक्षण एवं तालाबों के विकास, सफाई व्यवस्था, सीवरेज ट्रीटमेंट, राजीव गांधी आश्रम योजना, अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण, पेंशन योजना और राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के क्रियान्वयन हेतु बजट में समुचित प्रावधान किया है।

धर्मांतरण के खिलाफ विहिप ने निकाली आक्रोश रैली

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आज बजरंग दल द्वारा धर्मांतरण के विरुद्ध कार्यवाही की माँग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला सह मंत्री बबलू सिंह ने बताया कि विगत के सरकार के समय में बहुत तेजी से धर्मांतरण हुआ है। लेकिन बजरंग दल अब धर्मांतरण नहीं होने देगा और धर्मांतरण कराने वालों पर कार्यवाही कराएगा। बार-बार क्रिश्चियन मिशनरयो के द्वारा बजरंग दल परिवार पर आरोप लगाया जाता है एवं बजरंग दल गुंडे हैं कहते हैं। उन्होने कहा कि प्राइवेट चर्चों में हिंदुओं की संख्या अधिक क्यों रहती है अगर धर्मांतरण का खेल नहीं रुका तो बजरंग दल को रोकने आता है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा ज्ञापन सौपने के दौरान विहिप बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने कहा कि

संपूर्ण छत्तीसगढ़ धर्मांतरण मुक्त होगा।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति की पूरी टीम एवं मातृशक्ति विभाग संयोजिका शशि बंछोर, रानी साहू, प्रीति तिवारी, अंकिता तिवारी, सीमा पटेल, अंजलि पटनायक, मंजू टांडी, सुसमा, सरोज, श्वेता ओझा, सोनम यादव, पुष्पलता चंद्राकर, छाया तिवारी, मधु कसेर, सावित्री यादव, सीता यादव, सरला चौहान, कंचन राजपूत, पिंकी, अनिता ठाकुर, श्रुति साहू, मुस्कान साहू, योगिता साहू, जया साहू, यशोदा ठाकुर, मांशी ठाकुर, रीना ठाकुर, विद्या सिन्हा आदि शामिल थी। बजरंग दल के विभाग संयोजक शैलेंद्र सोनी, विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ऐश्वर्य सोनी, ज़िला सहमंत्री बबलू सिंग, विमलेश तिवारी, प्रवीण राव, विजय दुबे, ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, ज़िलासह संयोजक खेमलाल सेन टिक्कू निषाद, रवि साहू, पिंटू जाल, अखाड़ा प्रमुख पुष्पराज सिंग, सम्पर्क प्रमुख जीवेश उपाध्याय, सुरक्षा प्रमुख आदित्य नारायण सिंग, गौरक्षा प्रमुख अरुण शर्मा, विद्यार्थी प्रमुख रोहित सिंह, नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, रोशन गुप्ता, नगर संयोजक मयंक शर्मा, सह संयोजक बलदाऊ साहू, नरसिंह सिंहा, यश देवांगन, राकेश देवांगन, रौशन सिंह, गौरव जैन, रमेश दुबे, बलदाऊ साहू, गोपाल यादव, प्रवीण सिंहा, पवन कशेर, चमन कुंभकार, तारेंद्र साहू, दाऊ सोनकर, राजेश चौहान, गोविन्द कसेर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

पुलगांव में लगी विधायक गजेंद्र की जनचौपाल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वार्ड 55 पुलगांव के शीतला मंदिर प्रांगण में विधायक गजेंद्र यादव ने जन चौपाल लगाया, जहाँ वार्ड के नागरिकों से सीधे बात की और उनकी समस्याओं को जाना। जनचौपाल में सीसीटीवी कैमरा और बोर खनन की मांग किए तो सुरेखा यादव ने बिजली कनेक्शन दिलाने कहा। वार्ड 55 के निवासियों की सभी मांग पूरा करने विधायक ने जल्द ही पहल करने का भरोसा दिलाया। बिल्कुल देशी अंदाज में विधायक से आमने सामने बैठकर बेझिझक नागरिकों ने अपनी बातों को रखा और रात में ही तालाब किनारे निरिक्षण भी कराये। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओ ने अपने विधायक से हाथ में माइक लेकर वार्ड की

मुलभुत समस्याओं बताया और एक बढ़िया खेल मैदान बनाने की मांग किए। नागरिकों ने कहा की वार्ड में पहली बार कोई विधायक हमर बीच पहुंचीस अउ ठेठ छत्तीसगढ़ी में गोठियाइस। जेन उम्मीद ले हमन गजेंद्र ल विधायक चुने हन ओहा वइसने सबके सेवा करे बर काम करत हवे। पुलगांव शीतलापारा की निवासी नंद नेताम ने अपने घर से मंदिर तक सीसीरोड की मांग किए। सुभद्रा साहू ने पेंशन दिलाने की मांग की। बुजुर्ग महिला सुरेखा यादव ने बताया की उन्हें बिजली कनेक्शन नहीं दे रहे तो तत्काल विभाग के अधिकारी से कनेक्शन देने निर्देश दिए। वार्ड में शीतला मंदिर के पास सुरक्षा हेतु खम्भे पर लाइट और सीसीटीवी कैमरा की मांग किये। ठग्गा बाई पीएम आवास किस्त नहीं मिलने की जानकारी दिए, रामजी साहू ने मछली पालन वालों द्वारा गंदा पानी बहाने से क्षेत्र बदबू फैलने की शिकायत दर्ज कराई, वार्ड के नागरिकों ने पट्टे की समस्या से अवगत कराया। जिसके लिए एसडीएम से चर्चा कर वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। महिलाओ ने बताया की शीतला तालाब कई सालों से सफाई नहीं होने गंदगी से पटा, चारो ओर कचरे का ढेर और गर्मी के पूर्व तालाब जीर्णोद्धार का वादा किया।

मनोकामेश्वर में शिवजी की स्थापना

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पद्मनाभपुर स्थित मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिवजी की प्रतिमा स्थापित करने हेतू पूजा प्रारंभ किया गया। प्रथम दिन कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शिवनाथ नदी तट तक गया वहा से जल लेकर वापस पहुंचे। तत्पश्चात जलाभिषेक किया गया। शिवजी को नर्मदेश्वर महादेव जी के नाम से स्थापित किया जाएगा। दूसरे दिन शोभायात्रा के रूप में भक्तगण शिव मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर पदमनाभपुर के विभन्न मार्गो से घूमते हुए मंदिर परिसर पहुंची। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही भगवान शिव की प्रतिमा की स्थापना किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण वोरा ने कहा कि भगवान शिव सब की मनोकामना पूर्ण करें सभी को स्वस्थ रखें एवं प्रदेश में सदैव खुशहाली बनी रहे। शांति वोरा, अरविंद वोरा, मंजू वोरा सुमित वोरा, संदीप वोरा, राजेंद्र साहू, महापौर धीरज बाकलीवाल, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, अलताफ अहमद, सुशील भारद्वाज, महीप भुवाल, रत्ना नारमदेव, राहुल अग्रवाल, मोहित वालदे, शंकर ठाकुर, भोला मोहबिया, प्रकाश जोशी, संजय कोहले, दीपक साहू आदि भक्तगण उपस्थित थे।

निधन : रमेश राव

भिलाई। रमेश राव अंबा दास शिरभाते का 4 मार्च की सुबह निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दिनेश कुमार दुबे आ./पति स्व. चंद्रिका प्रसाद दुबे निवासी सिकोला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 299/1, 299/2, 100/2, 110, 249/1, 252/4, 253/2 रकबा कुल 2.2070 हे. भूमि जो कि स्व. चंद्रिका प्रसाद दुबे के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी स्व. चंद्रिका प्रसाद दुबे की मृत्यु हो जाने पर जिसे वसीयतनामांतरण के आधार पर आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 01 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202402100400086 /अ-6अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी रा.महोद्य के रा.प्र.क्र. 202402100400086/ अ-6अ/ वर्ष 2023-24 आवेदक राजू पिता रामदवर निवासी ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग के मौजा ग्राम घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नंबर 942, 977/5, 980, 981, 985, 989 रकबा कुल 3.190 हे. है जो कि आवेदक व अन्य के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है किन्तु उक्त खसरा का रकबा 0.0210 हे. प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए रकबा सुधार करते हुए रिकार्ड अद्यतन किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.00023 महमरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430100600005

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम महमरा के वर्तमान भूमिस्वामी नूरजहां बेगम पिता/पति शेख महबूब पता बैगापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 52/2 (1.6400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अयन खान पिता/पति मकसूद खान पता महमरा, अमन खान पिता/पति मकसूद खान पता महमरा, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202402101000188

विषयः ब-121, वर्ष 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - जोहनलाल यादव/अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक जोहनलाल यादव पिता/पति/विभाग सखाराम पता कुरुद भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न 46 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 882/3 रकबा 0.450 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 20.03.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.02.2024 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202402103000016 /अ-21/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सोनकुंवर पति स्व. चैन निवासी महात्मा गांधी नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 756 रकबा 0.430 हे. जिसको आवेदिका क्रेतागण दोनेश्वर, गजानंद दोनो पिता श्री डेहेरलाल साहू निवासी पुरानी बस्ती पोटियाकला वार्ड 54 तह. व जिला दुर्ग वाले के पास विक्रय करने का सौदा कर क्रेता से बतौर बयाना 10 हजार प्राप्त कर लिया है। भूमि के अलावा आवेदिका एवं उनके पुत्र पुत्रियो के शामिल नाम से ग्राम अरसनारा में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 329 रकबा 0.840 हे है। आवेदिका के पास म.न. 73 कैम्प-2 वार्ड 26 महात्मा गांधी नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग में रिहायशी मकान है जिसमें आवेदिका अपने पुत्र के साथ निवास करती है आवेदिका द्वारा अपनी उपरोक्त वर्णित ग्राम में स्थित कृषि भूमि में संधारण कार्य करने मकान का निर्माण करने एवं अपने पुत्र का विवाह करने तथा अपने एवं अपने पुत्र के ईलाज के लिए रकम की आवश्यता होने के कारण वर्णित भूमि को विक्रय करना चाहते है इसलिए भूमि विक्रय करने हेतु अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन कलेक्टर महोद्य के समक्ष पेश किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.03.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402100600128 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका वर्षा कश्यप आ./पति श्री फिरुराम कश्यप निवासी ग्राम 884 महादेव घाट रोड पाण्डेय डेयरी रायपुरा तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.न. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 232/1 रकबा 0.0800 हें भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 15.03.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402100600131 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक ज्ञानेन्द्र साहू आ./पति श्री जितेन्द्र साहू निवासी ग्राम बिम्लेश्वरी कालोनी बोरसी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1354/21 रकबा 0.0153 हें भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 15.03.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402100600119 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सीमा देवांगन आ./पति श्री पंथराम देवांगन निवासी ग्राम अखरा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 604/10 रकबा 0.0100 हें भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 15.03.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402100600127 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनोज पटेल आ./पति श्री लखनलाल पटेल निवासी ग्राम चुलगहन तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चुलगहन प.ह.न. 43 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 910/2 रकबा 0.0700 हें भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 15.03.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

सी.जी.5106426012024020

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदिका राजन कुमार दास आ./पति स्व. अशर्फीलाल साकिन झारखंड के द्वारा ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 102 का टु. रकबा 0.0167 हे. 1800 वर्गफीट भूमि रमेश कुमार आ. स्व. कृष्णाराम व अन्य 4 हिस्से से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.01.2024 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदिक भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग 02 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत चावड़ा पिता भूपतराम चावड़ा निवासी ग्राम मुक्तनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 786/1 रकबा 0.1050 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202402100400503 /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एस.आर. दास पिता स्व. आर.के. दास निवासी सी/249 सड़क नं. 20 स्मृतिनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 43 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 433/7 रकबा 0.10 हे. है जो कि आवेदक के नाम पर दर्ज है किन्तु उक्त खसरा नं. के ऑनलाईन में अपना नाम त्रुटिपूर्ण अभिलिखित होकर प्रदर्शित होने का लेख करते हुए त्रुटि सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104800054

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी सुनजीत कौर बेदी पिता/पति एन.पी. बेदी पता न्यू पलास टावर ए-5 जी.एफ. मैत्री कुंज रिसाली के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 264/100(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गिरधरलाल देशमुख पिता/पति श्री भानुप्रताप देशमुख पता सेक्टर-2 भिलाई-1 तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार आ. ज्ञानीराम निवासी अमलेश्वर तह पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम ढौर प.ह.न. 22 तह. पाटन स्थित भूमि खसरा नं. 13/3, 13/2 रकबा 0.20, 1.80 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में राजकुमार आ. ज्ञानीराम के नाम पर खाते में दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण ऋण पुस्तिका की डुप्लीकेट प्रति प्रदाय किये जाने आवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13.03.2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

बैठक में शामिल हुए देवांगन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संयुक्त मोर्चा की बैठक में इंजीनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शामिल हुए। मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय , संगठन क्षेत्रीय मंत्री अजय जामवाल , उप मुख्यमंत्री अरूण साव , प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , प्रभारी नितिन नबीन , संगठन मंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिला ।आगामी लोकसभा में सभी लोग बूथ स्तर पर भाजपा को जिताने का संकल्प लिये और छत्तीसगढ के 11 लोकसभा सीट मे पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा को जीत हासिल करने की बात कहीं,कार्यक्रम का संचालन प्रदेश के महामंत्री भरत वर्मा ने किया। श्री देवांगन ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा से भेंट कर आशीर्वाद लिया।

विद्युत विभाग के लाइनमैन हुए सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। लाइनमैन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के संभागीय कार्यालय भाटापारा में कार्यपालन अभियंता एन के सोनी द्वारा विभिन्न वितरण केंद्र में कार्यरत उत्कृष्ट लाइन मेंनो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।स्थानीय डिविजन कार्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह में स्टाफ हनीफ मोहम्मद वितरण केंद्र निपनिया,सुरेश कुमार निर्मलकर वितरण केंद्र निपनिया, अनूप कुमार साहू वितरण केंद्र भाटापारा दो, मनोज कुमार साहू वितरण केंद्र भाटापारा दो, पूना राम साहू भाटापारा जोन, जितेन्द्र कुमार वर्मा वितरण केंद्र भाटापारा एक एवं महेश्वर जाधव उप संभाग भाटापारा को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर श्री सोनी ने उनके कार्यों की प्रसंशा की। इस अवसर पर संभाग के सहायक अभियंता वासुदेव साहू, उमाशंकर बर्मन, सचिंद्र सोनी , संतराम पटेल एवं कनिष्ठ अभियंता पुनीत शुक्ला , अभिषेक साहू तथा लाइन स्टाफ एवं कार्यालयीन कर्मचारी गण उपस्थित थे।

पीडब्ल्यूडी के दो कर्मी सस्पेंड

भाटापारा/नवप्रदेश। कार्य में लापरवाही बरतने के चलते कलेक्टर के एल चौहान ने लोक निर्माण विभाग के एक कर्मचारी समयपाल संतोष कुमार वर्मा को निलंबित एवं सब इंजीनियर विभाकर जोशी को निलंबित करने की अनुशंसा की है। साथ ही ईई टी सी वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब तलब करने के निर्देश दिए है। उक्त दोनों कर्मचारी ने स्थानीय सर्किट हाऊस में दी गई सामान्य दायित्व को पूरा नहीं कर पाए।

वृद्ध की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर से 5 किमी दूर ग्राम तरेंगा में सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक में निकले एक वृद्ध की गांव के ही एक युवक ने लाठी डंडे से वार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर आरोपी को गांव से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा 302 भादंवि के तहत कार्यवाही की है।

इस संबंध में ग्रामीणों और ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पटले से मिली जानकारी अनुसार ग्राम प्रार्थी शैलेष मूर्ति अग्रवाल साकिन तरेंगा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार सुबह 6.30 बजे उसके पिता योगेश मूर्ति अग्रवाल मार्निंग वाक के लिए निकले थे कि गांव के नैय्या पार तालाब के पास गांव का टीकाराम ऊर्फ रॉकी पटेल अपने हाथ में डंडा लेकर आया और योगेश मूर्ति अग्रवाल को हत्या करने की नीयत से उसके सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार किया। इससे योगेश मूर्ति अग्रवाल जमीन पर गिर गये। तालाब में नहा रही एक महिला द्वारा हल्ला करने पर टीकाराम ऊर्फ रॉकी पटेल भाग गया। गांव का देवा ढीमर, योगेश मूर्ति अग्रवाल के घर जाकर बताने पर शैलेन्द्र मूर्ति अग्रवाल के साथ देवा ढीमर आये तो देखा कि योगेश मूर्ति अग्रवाल नैय्या तालाब पार रोड किनारे खून से लथपथ पड़ा था। उनकी मौत हो चुकी थी। इसकी रिपोर्ट पर मर्ग पश्चात धारा 302 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के आरोपी टीकाराम उर्फ रॉकी का पता तलाश किया, जो अपने गांव में उपस्थित मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी टीकाराम उर्फ रॉकी पटेल ने बताया कि मृतक शैलेंद्र मूर्ति अग्रवाल उसे अक्सर सिर पर बेवजह मारकर गाली गलौज करता था, जिससे उसे काफ़ी गुस्सा आता था। मना करने पर भी नहीं मानने के कारण उसने घटना को अंजाम दिया है, आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा एवं घटना के समय पहने कपड़े को आरोपी के द्वारा पेश करने पर जप्त किया गया।

बड़ेकरका में हुआ अटामी परिवार का वार्षिक सम्मेलन

दंतेवाड़ा/गीदम/नवप्रदेश। सोमवार 4 मार्च को गीदम ब्लॉक के ग्राम बड़ेकरका में अटामी परिवार का संभागस्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम हिरगुंडा तादो देव की पूजा एवम परिवार का ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में परिवार के दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं बस्तर जिले के अटामी लोग सामिल हुए तथा परिवार के परंपरागत रीति रिवाज को बनाए रखते हुए शिक्षा से जोड़ने की बात कही कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। सम्मेलन में संभागीय अध्यक्ष प्रमोद अटामी दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी उपाध्यक्ष बोसाराम अटामी, अतिथि (सगा) परिवार के बुधराम वेट्टी, सुदराम भास्कर घासीराम तामो, अल्कु इस्ताम, लालू कुंजाम, सुकड़ा तामो, फगनू पदामी, अनिल पदामी, बुधराम इस्ताम, विष्णु पदामी, बालसिंग कोरसा गुड्डी लेकामी,सामनाथ अटामी, शैलेश अटामी, अनतराम अटामी, गुड्डीराम अटामी सहित अन्य गांवों से आए परिवारजन मौजूद थे।

न्योता भोज करा कर मिली आत्मिक खुशी

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को अब मिड डे मील में दाल चावल के साथ ही स्वादिष्ट भोज भी खाने को मिलेगा। सरकार ने स्कूलों में %न्योता भोजन% की शुरुआत की है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति, संगठन या फिर समाज के लोग सरकारी स्कूलों में भोज दे सकेंगे। न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना है। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले खाने को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है. कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन किसी भी खास अवसर पर या स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकता है। इसके अलावा खाद्य सामग्री की योगदान भी कर सकता है। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले मिड डे मील का विकल्प नहीं होगा बल्कि यह इसके अतिरिक्त होगा।

इसी योजना से छात्रों को लाभान्वित करने की दृढ़ इच्छा शक्ति लिए भाटापारा के धनंजय पांडे के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खमरिया में सोमवार को न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

रामकृष्ण ध्रुव बने मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

- **लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन में फेरबदल**

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन में बड़ी फेरबदल देखने को मिल रही है। गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव को नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार रामकृष्ण ध्रुव को आगामी आदेश तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर की कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आदेश 3 मार्च 24 को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु द्वारा जारी किया गया।

गौरतलब है कि रामकृष्ण ध्रुव पिछले 3 वर्षो से मैनपुर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं और लगातार कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए उनके नेतृत्व में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ एवं जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद द्वारा जारी निर्देशित कार्यक्रमों को शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार किया जा रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव की सक्रियता को देखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व उन्हें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई है। पहली बार मैनपुर में युवा चेहरे को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने से यह उम्मीद लगाई जा रही है कि इसके सहारे जहां एक ओर पार्टी संगठन से दूर हो चले वरिष्ठ बुजुर्ग कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन में सक्रिय किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक के सबसे ज्यादा युवा मतदाताओं को भी कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा।

मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और कहा कांग्रेस पार्टी को मैनपुर ब्लॉक में और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ कांग्रेस के अनुभवी वरिष्ठ बुजुर्ग कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं युवाओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए कार्य करेंगे। रामकृष्ण ध्रुव ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज,प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु,जिला कांग्रेस गरियाबंद अध्यक्ष भावसिंह साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने पटपर पी.एच.ई. आफिस के पास सार्वजनिक स्थान पर ताश खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 5700 रुपए और ताश जप्त कर उनके विरुद्ध धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में जुआ सट्टा के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर त्वरित रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में ग्रामीण पुलिस प्रधान आर. संघर्ष तिवारी, आर. अजय साहू, गौरीशंकर कश्यप, कृष्णा जांगड़े राहुल ध्र्व, कमल किशोर यादव की पुलिस टीम द्वारा ग्राम पटपर पी0एच0ई0 आफिस के पास सार्वजनिक स्थान पर पुरूषोत्तम डहरिया,प्रेमकुमार कोसले,नरसिंग नवरंगे और किशन ध्रुव को ताश से जुआ खेलने वाले चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 5700 रूपये एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

अग्निवीर भर्ती के लिए दो दिनों विशेष पंजीयन शिविर 7 से

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की पहल के माध्यम से दंतेवाड़ा के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 7 और 8 मार्च को सभी ब्लॉक मुख्यालयों के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों एवं दंतेवाड़ा के लक्ष्य कोचिंग सेंटर मे विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें साढ़े 17 से 21 वर्ष के 8,10,12वी पास युवा जिनकी ऊचाई 162 सेमी (अनु. ज.जा.),168 सेमी (सामान्य) है शिविर स्थल पर आ सकते हैं।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला प्रेमी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव पुलिस ने सोमवार 4 मार्च को एक महिला का प्रेम प्रसंग में फंसा कर फसे आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतका के द्वारा अपने हस्तलिखित सुसाइडल नोट में लिखा आरोपी का नाम। आरोपी के द्वारा मृतका को प्रेम प्रसंग में फंसाकर बाद में उसे निराश करके आत्महत्या करने पर विवश किया था। सोमवार को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव मे मर्ग क्र0 98/22 धारा- 174 जा0फौ0 की मर्ग डायरी के जांच क्रम मे पंचानो व गवाहों का कथन लिया गया है एवं मृतका के पास से मिले सुसाईडल नोट का परीक्षण फारेंसिक शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से कराया गया है। विशेषज्ञ के द्वारा सुसाईडल नोट को मृतका के ही हस्तलिखित होना लेख किया गया है। मृतका ने अपने सुसाईडल नोट में कोमेश राणा निवासी ग्राम बननवागांव के द्वारा इज्जत के साथ खिलवाड़ करने के संबंध में उल्लेख किया गया है। मृतका का शव का पीएम एवं गवाहों तथा पंचनामा का कथन लिया गया है। जांच पर आरोपी कोमेश राणा के द्वारा मृतका को प्रेम प्रसंग में फंसाकर बाद मे उसे निराश करके आत्महत्या करने पर विवश करना पाया गया है , जो कृत्य अपराध धारा- 306 भादंवि का घटित होना पाया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

एक मंत्री के रूप में किसी...

15 मार्च को सुनवाई के लिए सहमति जताई।

स्टालिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का किया दुरुपयोगः पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, आपने (स्टालिन) संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग किया। आपने धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अनुच्छेद 25 के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया और अब आप संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं?÷

पीठ ने (स्टालिन के सनातन धर्म वाले बयान पर) कहा, 'आप आम आदमी नहीं हैं, आप एक मंत्री हैं, आपको परिणाम पता होना चाहिए। आपने जो कहा क्या उसके नतीजे आप नहीं जानते।÷ बता दें कि स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। आरोप है कि उन्होंने दो सितंबर 2023 को 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' के संबंध में आयोजित एक बैठक में कथित तौर पर हिंदू धर्म के खिलाफ नफरत भरा भाषण दिया था।

रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार...

÷हम मानते हैं कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय प्रणाली के कामकाज को नष्ट कर देती है।

पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से 1998 के 'जेएमएम रिश्वत मामले' के नाम से चर्चित मामले में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के बहुमत के फैसले से असहमति जताई। पीठ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए रिश्वत लेने वाले विधायक पर भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

पूर्व मंत्रियों पर दांव ...

टेकाम, जयसिंह अग्रवाल, शिव डहरिया, उमेश पटेल, अनिला भेडिया के नाम शामिल हैं। वहीं स्क्रीनिंग की बैठक में लोकसभा पर्यवेक्षकों, पीसीसी तथा सर्वे के आधार पर आए तैयार किए गए तीन-तीन नामों के पैनल पर विचार किया जाएगा।

विधानसभा चुनाव में आए परिणामों के बाद प्रदेश का राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुका है। फिर भी पर्यवेक्षकों द्वारा तैयार सूची भी प्रस्तुत किये जाने की खबर है। वैसे कांग्रेस ने लोकसभा के लिए विधानसभा चुनाव के साथ ही तैयारी शुरू कर दी थी। यही वजह है कि सात माह पहले 11 सीटों के लिए पर्यवेक्षक तय कर दिए गए थे। पर्यवेक्षकों ने लोकसभावार दौरा कर दो महीने पहले ही अपनी रिपोर्ट स्क्रीनिंग कमेटी को सौंप दी है।

निजी एजेंसी की सर्वे रिपोर्ट भी तैयार

बताया गया है कि पर्यवेक्षकों और पीसीसी के अलावा एआईसीसी की ओर से एक निजी एजेंसी की मदद से सर्वे कराए गए हैं। उनके द्वारा भी सभी सीटों के? लिए नामों का पैनल तैयार किया गया है साथ ही जीत सकने वाले प्रत्याशियों के नाम भी दिए गए हैं।

आप नेता ने भाजपा ...

कॉलेज रेफर किया गया है।

पिता ने कहा- 4 गोली मारा, पटवारी, तहसीलदार भी थे मौजूद

पिता बोले- आरोपी ने चार फायर किए

गोपाल के पिता शंकर गिरी गोस्वामी ने बताया कि वह खरसिया के वार्ड नं. 15 के निवासी हैं। उनका बेटा घर के पीछे स्थित सरकारी जमीन पर खड़ा था। इसी बीच अमर अग्रवाल आया और गोपाल से बोला कि इस जमीन से हट जाओ। गोपाल ने मना किया तो दोनों में हाथापाई हो गई। इसके बाद अमर अग्रवाल ने गोपाल पर गोली चला दी। गोपाल के पिता के अनुसार चार बार फायर किया गया है। गोपाल का सिटी स्कैन हो रहा है, उसके बाद पता चलेगा कहां-कहां गोली लगी है। घायल के पिता ने यह भी कहा कि घटना के वक्त मौके पर आरआई, पटवारी और तहसीलदार भी मौजूद थे।जमीन विवाद में फायरिंग; एसडीओपी पटेल

खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल ने बताया कि वारदात के बाद से गोली चलाने वाला अमर अग्रवाल फरार है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी का लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रहे हैं। पटेल ने बताया कि विवाद जमीन को लेकर हुआ है।

सीएम यादव समेत वरिष्ठ ...

में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार माना है, लेकिन लालू यादव से लेकर के अपने ही परिवार में समाहित पार्टियों के मन में केवल अपना परिवार है। भाजपा ने पूरे देश में ये परिवार अभियान शुरु किया है।इसलिए प्रोफाइल में 'मोदी का परिवार' जोड़ा

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी अपने नाम के आगे मोदी का परिवार जोड़ा। वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कल श्री मोदी के परिवार के संबंध में एक आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद आज भाजपा के शीर्ष नेतृत्व समेत पार्टी के लगभग सभी नेता और कार्यकर्ता एक्स पर अपनी प्रोफाइल पर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ रहे हैं।

आसमान से गिरे ...

फसलों का नुकसान हुआ है। इसमें सर्वाधिक नुकसान बांदा के तहसील पैलानी में हुआ है। लखनऊ में बारिश की शुरुआत शुक्रवार रात से ही हो गई थी। शनिवार को भी गरज-चमक के साथ बादल बरसे। रविवार को सुबह ही बादल गरजने के साथ तेजी से बरसने लगे। इसके बाद रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रही।

48 घंटों के दौरान 11 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

शाम पांच बजे के आसपास बारिश के दौरान अधिसंख्य इलाकों में ओले भी गिरे। सुबह से शाम के बीच 7.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। वहीं, 48 घंटों के दौरान कुल 11 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मार्च की शुरुआत में इतनी बारिश आश्चर्यजनक है। मौसम विभाग के अनुसार यह सामान्य से 200 फीसदी अधिक है। वहीं, बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से 7.2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। यह 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री दर्ज किया गया।

नौसेना के शीर्ष ...

सम्मेलन उभरती हुई भू-राजनीतिक परिस्थितियों, आंचलिक चुनौतियों और इस क्षेत्र में मौजूदा अस्थिर समुद्री सुरक्षा स्थिति की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जा रहा है। यह नौसेना द्वारा भविष्य की कार्यप्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

किसानों के हित रौंद ...

में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब जब किसान अपना हक़ मांग रहे हैं तो मोदी सरकार उनसे दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है।

सरकार की नियत ...

पार्टी सत्ता में आएगी, यह अभी से नहीं कहा जा सकता।

जम्मू कश्मीर के लोगों ...

जीरो टॉलरेंस की नीति से सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाने में मदद मिली है।÷

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में आतंकवादी घटनाएं और असैनिकों की मौतों की संख्या घटी है तथा साथ ही सुरक्षा बलों के मारे जाने की घटनाओं में भी कमी आयी है।

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम कंजी प.ह.नं. 19

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर लाल साहू पिता स्व. भरोसा साहू जाति तेली निवासी ग्राम कंजी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपने पिता भरोसा साहू वल्द साखाराम साहू का मृत्यु दिनांक 13/03/1979 को स्थान कंजी घर में हुआ है। जिसका भूलवश ग्राम पंचायत कंजी में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नहीं कराया था। जिसका मृत्यु पंजीकरण किए जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/03/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार बलौदाबाजार**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक 574/अ.वि.अ./प्र-1/ 2024
राजनांदगांव, दिनांक 27/02/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती विधि तिवारी ध.प. श्री डा. अमित कुमार मोदी निवासी द्वितीय तल आर.के. नगर जी.ई.रोड पी.टी.एस. के सामने राजनांदगांव (छ.ग.) एवं अन्य 3 द्वारा ''मां भुवनेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट'' राजनांदगांव के नाम से लोक न्यास के रूप में संचालित करने हेतु छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पंचायत केशडबरी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता रामबाबू निवासी ग्राम केशडबरी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि कास्तकारी ग्राम केशडबरी प.ह.नं. 02 स्थित भूमि ख.नं. 467/1, 467/2, 467/3, 467/4, 467/5 रकबा 0.08, 0.09, 0.08, 0.08, 0.08 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक कृष्ण कुमार पिता रामबाबू के नाम दर्ज है। जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के घर में ठीक से रखरखाव न होने के कारण कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बंधक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ तथा पूर्णतः भार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंको का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सूचना की कापी एवं शपथ पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05/03/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 26/02/2024 को जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार देवरबीजा**

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ई.रजि.नं. 202401082200046
अ-20(1), वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शीला सिन्हा पति रामकुमार सिन्हा, भारत माता चौक, वार्ड नं. 20 कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक 11 एबीसी, भू-खण्ड क्रमांक 19 कुल क्षेत्रफल 10665.00 व.मी. भू-खण्ड नजूल जांच रजिस्टर में धारक लोककर्म विभाग म.प्र. शासन मद पक्का मकान एवं खुली भूमि का भाग है। आवेदक उक्त भूखण्ड के क्षेत्रफल 18.58 वर्गमीटर के आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि के व्यवस्थापन हेतु न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने उपरांत विधिवत जांचकर, जांच प्रतिवेदन बाबत् प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को नियत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में कार्यालयीन अवधि में नियत तिथि तक कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 25 में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत पेशी तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 01/03/2024
पेशी दिनांक - 01/04/2024
मो. नं. 9993152993

सील — **तहसीलदार (नजूल) कवर्धा**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202402210200133/
अ/2 2023-24

ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 20240210200133 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदक योगेश्वरी पति श्यामलाल जाति कुर्मी निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि ख.नं. 1180/16 रकबा 0.016 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यवपर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, पी-2 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तियां यदि हो तो वे दिनांक 06/03/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार**

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं क सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर में स्थित भवन क्र. एम.आई.जी.-16, सेक्टर-01 (1) श्रीमती सरोजमनी शर्मा पति स्व. जी.एस. शर्मा (2) श्री अतुल दुबे पिता स्व. जी.एस. शर्मा (3) श्री अखिल दुबे पिता स्व. जी.एस. शर्मा को इस कार्यालय के आदेश क्र. 10 दिनांक 01.04.1985 के माध्यम से संयुक्त नाम पर नामांतरित किया गया है।

वर्तमान में सह आबंटी क्र. (1) श्रीमती सरोजमनी शर्मा पति स्व. जी.एस. शर्मा की मृत्यु दिनांक 17.04.2021 को हो जाने के कारण उनके वारिसानगण/ सह आबंटी क्र. (2) श्री अतुल दुबे पित स्व. जी.एस. शर्मा (3) श्री अखिल दुबे पिता स्व.जी.एस. शर्मा के द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन से सह आबंटी क्र. (1) श्रीमती सरोजनीमनी शर्मा पति स्व. जी.एस. शर्मा का नाम विलोपन कर अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भवन को सहआबंटी क्र. (1) श्रीमती सरोजमनी शर्मा पति स्व. जी.एस. शर्मा की मृत्यु होने के उपरांत प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर सह आबंटी क्र. (2) श्री अतुल दुबे पिता स्व. जी.एस. शर्मा (3) श्री अखिल दुबे पिता स्व. जी.एस. शर्मा के संयुक्त नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार -भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202402210200131
अ/2 वर्ष 2023-24

ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 20240221200131 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदक विवेक शुक्ला पिता विधिनारायण शुक्ल निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि ख.नं. 1033 शामिल नंबर 1034 रकबा 0.057 हे. भूमि राजस्व अभिलेख पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत परिवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की घधारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, पी-2 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 06/03/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,626218899, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

ग्रामीण अंचल में विकास कार्य मेरी प्राथमिकता- तुकाराम चंद्रवंशी

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत विकास निधि से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 के जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के बोडला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मानिकपुर में 5 लाख रुपए के नाली निर्माण सतनामी पारा श्वेत स्तंभ से लेकर नाला तक एवं महामाया मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2.29 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का आज भूमिपूजन किया । तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य मेरी प्राथमिकता है जनता ने विश्वास के साथ क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि चुनते है उस उम्मीद पर खरा रहे है और लगातार क्षेत्र में जिला पंचायत निधि से विकास कार्यों का सौगात दे रहे है । ग्रामिणजनों ने जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी का आभार जताया ।

निजी कंपनियों ने 55 आंगनबाड़ियों को दिया गैस

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अपील के मद्देनजर निजी कंपनियों द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए जिले की 55 आंगनबाड़ियों को धुआंमुक्त बनाने गैस कनेक्शन दान किया गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने उक्त गैस कनेक्शन को आंगनबाड़ियों में वितरित करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का को सौंपा।

गौरतलब है कि शालीमार कॉर्प लिमिटेड (लाइजनिंग), जी.के.सी. प्रोजेक्ट लिमिटेड, मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, एम.सी.पी.एल. एमसीसी और चेवरॉक्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त गैस कनेक्शन का दान किया गया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने गैस कनेक्शन दान करने पर संबंधित कंपनियों के संचालकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

133 श्रद्धालु अयोध्या धाम जाएंगे आज

धमतरी/नवप्रदेश। श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत धमतरी के 133 श्रद्धालु मंगलवार 5 मार्च की सुबह 6 बजे अयोध्या धाम के लिये रवाना होंगे। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यात्रियों के वाहन व्यवस्था, स्वल्पाहार, पानी इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों से योजना के तहत हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच की गई। इसके बाद समिति के सदस्यों की उपस्थिति में ड्रॉ निकालकर निर्धारित कोटे के अनुसार यात्रियों की सूची तैयार की गई है। सूची आईआरसीटीसी और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नोडल एजेंसी को भेजी गई। इसके साथ ही जिले से 40 यात्रियों पर एक अनुरक्षक भी भेजा जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद

गरियाबंद/नवप्रदेश। खेल एवम युवा कल्याण विभाग गरियाबंद जिला के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिका/ महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड स्तर पर 5 मार्च को गांधी मैदान स्पोर्ट्स हब गरियाबंद में किया गया है। जिसे दो अलग-अलग आयु वर्ग समूह में विभक्त किया गया है। बालिका वर्ग के लिए 9 से 18 वर्ष तथा महिला वर्ग के लिए 18 से अधिक आयु वाले प्रतिभागी खिलाड़ी को सम्मिलित किया गया है। विभाग द्वारा कुल पांच पारंपरिक खेलो को सम्मिलित किया गया है जिसमे कबड्डी, खो -खो ,वॉलीबॉल,एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़, गोला फेक, लंबी कूद, रस्सा कसी शामिल है। जिसकी तैयारी प्रशासन एवम खेल प्रशिक्षकों की अगुवाई में की जा रही है। इस खेल आयोजन मे स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी के अलावा गृहिणी, कामकाजी महिला भी हिस्सा ले सकती हैं जो पूर्णतः निःशुल्क है। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो होगी, जिसे नाक आउट पद्धति से खेला जाएगा।

लोकसभा चुनाव में युकां कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रियंका पटेल

- युकां की राष्ट्रीय सचिव मैनपुर पहुंची कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

गरियाबंद/नवप्रदेश। रोजगार दो, न्याय दो, पंचायत चलो अभियान के तहत युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी प्रियंका पटेल रविवार दोपहर एक बजे मैनपुर पहुंची। युकां के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल के नेतृत्व में युवाओं ने आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया। मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में युकां की आयोजित बैठक में राष्ट्रीय सचिव प्रियंका पटेल, लोकसभा प्रभारी विधि नामदेव, जिला प्रभारी फहीम शेख, युवा कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, युकां के पूर्व प्रदेश सचिव अमित मिरी, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, केशु सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में शामिल होने मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर, देवभोग और गरियाबंद जिले के युकां कार्यकर्ता पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर की गई।

आगामी चुनाव में युकां की महत्वपूर्ण भूमिका: फहीम शेख - जिला प्रभारी फहीम शेख ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी आज हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो और न्याय यात्रा के तहत पूरे देश का दौरा कर रहे हैं और सभी जगह अपार जनसमर्थन मिल रहा है।

केन्द्र की विफलताओं को लोगों तक पहुंचाएं: गौरव मिश्रा- गरियाबंद युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि केन्द्र के भाजपा सरकार के असफलताओं और जनविरोधी नीतियो को आम जनता तक पहुंचे आज हमारे नेता राहुल गांधी शांति और भाईचारा को बढ़ावा देने के लिए हजारों किमी यात्रा कर रहे है जनता से जुड़े हर मुद्दे चाहे वह बेरोजगारी हो मंहगाई हो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया है युवा कांग्रेस का मतलब जनसरोकार के मुद्दों पर आंदोलन है युवा कांग्रेस के हर नेता और कार्यकर्ता जनता के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करते आ रही है।

जनता महंगाई से त्रस्त: अमृत पटेल- बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल ने कहा आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त हो गई है चाहे पेट्रोल हो या फिर रसोई गैस के साथ रोजमर्रा जीवन में उपयोग की वस्तुओ की कीमत बढ़ने से जनता का जीना बेहाल हो गया है केन्द्र और राज्य के भाजपा सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नही है।

युवाओं से मोदी सरकार ने की ठगी: अमित मिरी- युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अमित मिरी ने कहा युवा कांग्रेस के गांव चलो वार्ड चलो अभियान के पीछे एक ही उद्देश्य है कि युवाओं को पता चलना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने किस तरह युवाओं को ठगने का कार्य किया है। इतिहास में सबसे ज्यादा महंगाई वर्तमान समय में है। इस मौके पर प्रमुख रूप से गरियाबंद जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव अमित मिरी, केशु सिन्हा, उमेश डोंगरे, अल्तमस खान, मैनपुर पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, सामंत शर्मा, भविष्य प्रधान, सोहन नागेश, नेहाल नेताम, तनवीर राजपूत, आत्माराम ध्रुव, भैयालाल ध्रुव, नवीन साहू, खेमू पटेल, देवन्द्र कश्यप, नंदु साहू, धमेन्द्र ध्रुव,, जितेन्द्र कश्यप, सरफराज खान, सोनू यादव, देवानंद ध्रुव, रेवान दीवान, घासुराम दीवान, गैंदलाल, भुपेन्द्र कमलेश सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धोबी समाज के प्रतिभाशाली छात्रों और पदाधिकारियों का सम्मान

- गातापार में धोबी समाज लवन परिक्षेत्र का दो दिनी वार्षिक अधिवेशन
- पन्नालाल रजक चुने गए नए अध्यक्ष

अर्जुनी/नवप्रदेश। ग्राम गातापार में धोबी समाज लवन परिक्षेत्र का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन दो और तीन मार्च को समाज के राम जानकी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। वार्षिक अधिवेशन में कक्षा दसवीं और बारहवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले होनहार छात्रों और सामाजिक पदाधिकारियों का सम्मान किया। साथ ही लवन परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें कोहरौद निवासी पन्नालाल रजक को अध्यक्ष के लिए चुना गया।

दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन की शुरुआत 2 मार्च को रात 8 बजे अध्यक्ष श्रीराम रजक रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्मला रजक प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक संभागीय महासचिव दिनेश निर्मलकर मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक प्रदेश सचिव भागीराम निर्मलकर जिला सचिव मनोज निर्मलकर जिला उपाध्यक्ष शंकर रजक कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बालकुमार रजक युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उमाशंकर कर्ष आईटी सेल जिला अध्यक्ष मुंगेली भरोसा निर्मलकर त्रिलोचन रजक ईश्वर रजक प्रकाश निर्मलकर आदि उपस्थिति में समाज के इष्ट देव के जनक गाडगे जी महाराज और भगवान राम जानकी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई।

सभी अतिथियों का लवन परिक्षेत्र द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि अब हमारे समाज में भी संगठन की एकता दिखाई दे रही है। महिलाओं को जागरूक बनाने का श्रेय महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्मला रजक को है। वार्षिक अधिवेशन में मोतीलाल कन्नौजे, जीवन रजक, पोषण रजक, सुरेश कनौजे, लाला रजक, जीवन कन्नौजे, नंद कुमार कन्नौजे, चेतन कन्नौजे, परसू रजक, डोमार सिंह रजक, अश्वनी रजक, नारायण निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सांपों को बचाने वाले सूर्यकांत का किया सम्मान

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने सोमवार 4 मार्च को सर्प मित्र सूर्यकांत साहू को प्रमाण पत्र और स्नेक स्टिक प्रदाय कर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेजुबान प्राणियों की रक्षा करना सराहनीय कार्य है, इसके लिये श्री साहू की कलेक्टर ने प्रशंसा भी की। सूर्यकांत साहू ने बताया कि उन्हें सांप पकड़ने में रूचि है। उन्होंने लोगों को जब सर्प को पकड़कर मारते देखा तो उनके मन में विचार आया कि इन असहाय प्राणियों की रक्षा करना प्रकृति संतुलन की दृष्टि से जरूरी है। इसके बाद उन्होंने दृढ़ निश्चिय किया कि जैव विविधता एवं सांपों के प्रजाति को बचाने हरसंभव कोशिश करेंगे। श्री साहू बताते हैं कि लोगों के घरों में घुसे सांप की जानकारी मिलते ही वे उसे पकड़कर वनों में छोड़ देते हैं। वे वर्ष 2008 से लगातार रूद्री और रूद्री से 20 किलोमीटर तक के क्षेत्रों में जाकर काफी जहरीले सर्प पकड़ने का निःशुल्क कार्य किया। उन्होंने अब तक विषैले सर्प जैसे करैत, नाग, रसैल, वाईपर तथा गैर विषैले सर्प असोड़िया, डोड़िया, अहराज, अजगर इत्यादि प्रजाति के कुल 3500 सांपों को पकड़कर बरारी, खिरकीटोला व सोरम के जंगलों में छोड़े हैं। सर्पो के संरक्षण व व्यवस्थापन कार्य की वजह से उन्हें सर्प मित्र भी कहा जाता है।

कलेक्टर गांधी ने की समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

- महतारी वंदन योजना के तहत जिला और ब्लॉक में 7 मार्च को आयोजित होंगे कार्यक्रम

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने सोमवार 4 मार्च कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी 7 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत जिला मुख्यालय सहित विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने की वजह से विभाग द्वारा जिला कार्यालयों को बजट आबंटित किये जा रहे हैं। अधिकारी ध्यान रखें कि प्राप्त बजट का उपयोग समय पर करें, किसी भी स्थिति में बजट लेप्स ना हो। उन्होंने कहा कि राशि आहरित नहीं करने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने जिले के राजस्व भूमि का सर्वेक्षण कर वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने जिले के 130 कमार बसाहटों में रोजगारमूलक कार्य संचालित करने के लिये बांस एवं फलदार पौधों की रोपणी तैयार करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उक्त बसाहटों में सामुदायिक पोषण वाटिका, नाला ट्रीटमेंट, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने साफ तौर पर निर्देशित किया है कि कमार हितग्राहियों विश्वकर्मा योजना से जोड़ें तथा उनके कार्यों के अनुरूप उन्हें टूल-किट प्रदाय करें। साथ ही कमार परिवारों को श्रम विभाग की पंजीयन के तहत बंसोड़ में शामिल किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों की रसोई को धुआंमुक्त करने के लिये गैस कनेक्शन प्रदाय किये गये हैं, अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि सिलेण्डर का नियमित रीफलिंग होते रहे। उन्होंने अधिकारियों निर्देशित किया कि गर्मी का मौसम आ है, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी में पंखा, कूलर आदि की मरम्मत सुनिश्चित की जाये। जिले के ऐसे क्षेत्र जहां पानी की किल्लत होती है, वहां पेयजल की सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए।

जिला स्तरीय बहुभाषा कार्यशाला में राजनांदगांव और खैरागढ़ सहित अनेक जिले के प्रतिभागी हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं डीएमसी सतीश ब्योहरे के निर्देशन में दिनांक 2 मार्च को जिला स्तरीय बहुभाषा शिक्षण के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों की भाषा में सीखने-सिखाने हेतु सामग्री निर्माण एवं उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त किए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी विकासखंड से 5-5 शिक्षकों के हिसाब से 45 शिक्षकों को विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया। विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विकासखंड में जोन स्तर पर प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षकों को बहुभाषा शिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

इस प्रशिक्षण में बच्चों के सीखने में भाषा की भूमिका और प्रथम भाषा के रूप में उनके घर के भाषा का महत्तव पर फोकस किया गया, जिसमें सीखने-सिखाने में बच्चों की भाषा का महत्व, भाषा विकास से संबंधित भ्रांतियां क्या-क्या है, बहुभाषा शिक्षा क्या है, बहुभाषा शिक्षा के लाभ को बताया गया, चूंकि बच्चें सबसे पहले अपनी बात को अपने घर की भाषा में करते है और वे अपनी भाषा के शब्दावलियों का प्रयोग करते हुए अपनी बात को कक्षा में रखते है, इसलिए शिक्षक को भी चाहिए कि बच्चों को कम से कम प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिया जाये। इसके लिए बच्चों के घर की भाषा का प्रयोग विशेष रूप से करने की आवश्यकता है। बहुभाषा शिक्षा अंतर्गत बच्चों को दूसरी भाषा सिखाने की रणनीतियां एवं सामुदायिक सहभागिता सहित अन्य बिन्दुओं पर बारी-बारी से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सहायक जिला परियोजना अधिकारी पीसी मरकल्ले ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 में प्राथमिक स्तर तक के बच्चों की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिए जाने का प्रावधान है।

हमारे जिले में अधिकांश भागों में हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी बोली जाती है, जिसके संबंध में जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर विभिन्न सामग्रियों का निर्माण हुआ है। राज्य स्तर पर भी छत्तीसगढ़ी भाषा में पाठ्य-पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है, जो निश्चित रूप से हमारे बच्चों के लिए विशेष लाभदायी है। एपीसी मो. रफीक अंसारी ने बताया कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा उनके मातृभाषा में देने से बच्चें, स्कूली शिक्षा से जुड़ेंगे।

निर्माण श्रमिकों के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ किया गया है। श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे बताया कि यह योजना छ.ग. सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिनके द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े, कमजोर होने के कारण श्रमिकों के बच्चे प्रतिभावान एवं योग्य होते हुए भी उच्च शिक्षा एवं शासकीय सेवाओं में नहीं जा पाते हैं ऐसे बच्चों के उज्वल भविष्य एवं उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़कर सक्षम बनाने हेतु इस कोचिंग योजना को प्रारंभ किया गया है ताकि श्रमिकों के बच्चे भी कोचिंग कर शासकीय सेवाओं में चयनित हो सके। इस योजना के अंतर्गत ऐसे निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन को कर्मकार मंडल में 1 वर्ष पूर्ण हो चुका है स्वयं तथा अपने प्रथम दो बच्चे को जो शैक्षणिक योग्यता रखते हो इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।इस योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीजी पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग,रेलवे, पुलिस इंट्रेस एग्जाम के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार निःशुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रथम निविदा विज्ञप्ति

नि.क्र.../न.पा.नि./जोन -06/2023-24 दिनांक 04/03/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु मेनुअल निविदा दिनांक 27.03.2024 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)
01	वार्ड क्र. 38 से 46 एवं 69, 70 में स्थापित सबमर्सिबल मोटर पम्प/हेण्ड पम्प मरम्मत कार्य।	20.00
02	वार्ड क्र. 38 से 46 एवं 69, 70 में स्टार्टर एसेम्बली मरम्मत/सामाग्री क्रय एवं कॉपर वायर प्रदाय कार्य।	08.00
03	वार्ड क्र. 38 से 46 एवं 69, 70 में पाईप लाईन रिपेरिंग कार्य।	20.00
04	वार्ड क्र. 38 से 46 एवं 69, 70 में स्लूज वाल्व स्पेण्डल कटिंग थ्रेडिंग कार्य।	08.00
05	वार्ड क्र. 38 से 46 एवं 69, 70 में सबमर्सिबल पम्प/हेण्डपम्प लोवरिंग लिफटिंग कार्य।	20.00

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन क्र.06 तोरवा कार्यालय अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक-06
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

महिला सम्मान और खेलकूद स्पर्धा कल

- कलेक्टर ने तैयारी के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 6 मार्च को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में महिला सम्मान एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर के.एल.चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा -निर्देश दिए।

कलेक्टर चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर बेटिकेटिंग के लिए आवश्यक बांस बल्ली हेतु वनमंडलाधिकारी, सुरक्षा व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आमंत्रण कार्ड वितरण, मंचीय व्यवस्था,माइक, लाई एवं साउंड सिस्टम, विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर की व्यवस्था, समस्त वीआईपी, जनप्रतिनिधि, अधिकारियों की बैठक व्यवस्था, मय एम्बुलेंस चिकित्सा दल, अग्निशम वाहन, अस्थाई शौचालय व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आदि के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

महिला सम्मान एवं खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेल प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा । इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग की महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं और शिकायतें

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने सोमवार 4 मार्च को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। आज जनदर्शन में डबरी निर्माण, भूमि विवाद, मानदेय दिलाने, उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, भूमि का रकबा एवं नाम सुधारने, सोलर प्लेट लगाने, न्याय योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांग, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन प्रदाय करने, वेतन भुगतान कराने, शौचालय मरम्मत कराने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने इत्यादि संबंधी कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर

// अपील //

सम्मानीय कृषि पंप उपभोक्ता अपने कनेक्शनों में कैपेसिटर अनिवार्य रूप से लगाकर कंपनी को सहयोग प्रदान करें।

रबी फसल में सिंचाई हेतु अत्यधिक पानी की आवश्यकता हेतु या कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है।

आप सभी की जानकारी में लाया जाना आवश्यक है कि सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नही लगाए जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है, जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवम जलने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ता है, कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11 केवी लाईनों पर, फिर 33/11 केवी उपकेन्द्रों पर तथा 33 केवी लाईनों तथा इस प्रकार पूरे ट्रांसमिशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इस स्थिति में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषक भाइयों, राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है।

यह स्थिति वर्तमान में आपके समक्ष उपस्थित है।

इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है जैसे नए उपकेंन्द्र की स्थापना, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, सबस्टेशनों मे कैपेसिटर बैंक की स्थापना। लेकिन आपके सहयोग के बिना स्थिति को सुधार पाना संभव नही है।

आप से अपील एवं अनुरोध है कि प्रत्येक सम्मानीय कृषक अपनें पंप/ट्यूबवेल कनेक्शन में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाकर न सिर्फ कंपनी को सहयोग प्रदान करें बल्कि राज्य एवम राष्ट्र हित में सहयोगी बने।

आपकी सुविधा हेतु आवश्यक कैपेसिटर की क्षमता नीचे प्रदर्शित है।

पंप की क्षमता	कैपेसिटर
0 से 3 एचपी तक	1 केवीएआर
3 से 5 एचपी तक	2 केवीएआर
5 से 7.50 एचपी तक	3 केवीएआर
7.5 से 10 एचपी तक	4 केवीएआर

''आपकी सेवा में हमेशा तत्पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अटल नगर ''।

(एम.एस. हरि)
कार्यपालन यंत्री
कर्म. संख्या 4450812
(संचा./संधा.)संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर

न्यूज गैलरी

6 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/जिला बेमेतरा के राशन कार्डधारियों को सुगमता से खाद्यान्न प्राप्ति हेतु छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 9 प्रावधानों के बेमेतरा ज़िले विकासखंड साजा की छह शासकीय उचित मूल्य की संचालन हेतु इच्छुक संस्था को आवंटन किया जाना हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा ने बताया कि जिन दुकानों का आवंटन किया जाना हैं वह थानखम्हरीया, हरदास, भेण्डरवानी, उमरावनगर, थानखम्हरीया, चिल्फी, खुरूसबोड़ दुकान तहसील साजा शामिल हैं। दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं (वृत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति (लेम्पस)/ ग्राम पंचायत/महिला स्व.सहायता समूह/प्राथमिक कृषि साख समितियाँ/अन्य सहकारी समितियां/राज्य शसन द्वारा विनिर्दिष्ट उपकम/वन सुरक्षा समितियां) से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक संस्था निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-एक) में आवेदन पत्र इस कार्यालय में 9 मार्च के अपरान्ह 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त दिनांक और समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।शासकीय उचित मूल्य की दुकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के तहत की जावेगी।

कुंभकार समाज विकास की ओर हो रहा अग्रसर : योगेश तिवारी

बेमेतरा - छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन बेमेतरा विधानसभा के ग्राम देवसरा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुंभकार समाज वर्तमान में आधुनिक युग से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहा हैं। कुंभकार समाज पुरानी पद्धति को पीछे छोड़कर अब आधुनिक उपकरणों से चाक, दिया समेत अन्य मिट्टी के वस्तुओं के निर्माण कर रहा हैं। समाज को बच्चों की उच्च शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि वे हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर सकें। इस दौरान पूजा टिकरिहा, गंगाराम साहू, मनीष सोनी सरपंच खुडमुड़ी, नीतू चक्रधारी, श्यामलाल चक्रधारी संरक्षक छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज, होलाराम प्रजापति मुख्य विविवध सलाहकार छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज रायपुर, इतवारीराम चक्रधारी, कुंजूराम चक्रधारी, हेमलाल कौशिक, दौवाराम, लक्ष्मी कुंभकार, रतनलाल चक्रधारी, रवि कुंभकार, सोहन प्रजापति, नंदकुमार चक्रधारी, मुरली कुंभकार, लखन लाल कुंभकार, हुमेशवर प्रजापति, लुमेश महादेव, पुरुषोत्तम चक्रधारी, कमलनारायण, भूषण चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, कोमल चक्रधारी, ललित, किशुन चक्रधारी, दौवाराम चक्रधारी, महेश भौरे, दशरथ कुंभकार, लक्ष्मण कुंभकार, जयराम कुंभकार, चंदू चक्रधारी, सालिक कुंभकार अध्यक्ष कबीरधाम, माखन प्रजापति समेत समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

अल्पसंख्यक कल्याण समिति, बैठक आज

बेमेतरा - जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की समीक्षा बैठक कल 5 मार्च (मंगलवार) को समय-सीमा के बैठक के पश्चात कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता मे कार्यालय कलेक्टर बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में अल्पसंख्यकों के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए प्रधानमंत्री का नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की जावेगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

चोरी के दो आरोपियों से पुलिस ने किया 14 लाख बरामद, जेल भेजे गए

- आरोपियों ने जंगल में छिपा रखे थे कैश

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली में हुई दो बड़ी चोरी के आरोपियों को एफआईआर होने के कुछ घंटे के भीतर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. चोरी के दो मामलों मे शामिल दोनों आरोपियों से चोरी के 14 लाख 6 हजार रुपए नगदी, बैंक पासबुक व आधार कार्ड बरामद किया गया है. बता दें कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी है. आरोपियों ने शटर का बिना ताला तोड़े अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.

4 मार्च 2024 को प्रार्थी कृष्ण कुमार साहू पिता पुरुषोत्तम साहू निवासी भंवरपुर रोड सरायपाली ने थाने में चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया था. उन्होंने बताया कि उनके मानस मेडिकल स्टोर से अज्ञात चोर ने 2 मार्च 2024 की रात नगदी 15 हजार रुपए एवं दो आधार कार्ड चोरी कर लिए हैं. इस पर थाना सरायपाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था.

दूसरे मामले में 4 मार्च 2024 को प्रार्थी प्रवीण अग्रवाल पिता शंकर लाल अग्रवाल निवासी पदमपुर रोड सरायपाली ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया था. उन्होंने बताया कि 2 मार्च 2024 की मध्य रात्रि अज्ञात चोर ने उसके दुकान का शटर तोड़े बिना दुकान में घुसकर गल्ले से 14 लाख रुपए नगद एवं एक चेक को चोरी कर लिया है. इस पर थाना सरायपाली में अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना में लिया था. मुखबिरों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में आरोपी गिरधारी वैष्णो पिता रविशंकर वैष्णव झिलमिल, शंकर साहू पिता स्वर्गीय गणपत साहू सरायपाली ने अपना अपराध कबूल किया. आरोपियों ने बताया कि 2 /3/2024 की रात्रि कृष्ण कुमार साहू के मेडिकल स्टोर एवं प्रवीण अग्रवाल के छड़ सीमेंट के दुकान में चोरी किए हैं. चोरी किया हुआ पूरा पैसा बैलाबाजार के पास जंगल में छिपा कर रखे हैं.

इस पर आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर कुल 14 लाख 6 हजार रुपए जब्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

कोमल फूड प्रोडक्ट्स में जर्दा गुटखा बनाने का कारोबार, छापा

- जीएसटी की टीम को मिला था दुर्ग से इनपुट
- खाद्य सुरक्षा विभाग की भूमिका पर सवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नशे को लेकर भले पुलिस विभाग एनडीपीएस की कार्यवाही करने और शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को ही नशे के अपराध को नियंत्रित करने की मूल दिशा मान रहा है, पर नशे को लेकर अन्य विभागों के जिम्मेदारी कहीं ना कहीं उदासी नजर आती है। सबसे बड़ी बात यह है कि खाद्य सुरक्षा मानक और खाद्य विभाग ऐसे कई मामलों पर कार्यवाही करने की मंशा नहीं रखती, इसका खुलासा बनभेड़ी में कोमल फूड प्रोडक्ट जिसने अपने जीएसटी के शेड्यूल में ताजा सुखे मेवे छिलके और बिना छिलके वाले बचने के कारोबार का जिक्र किया है, वही उसे फैक्ट्री में जर्दा बनाने के कई सामान और मशीन मिलने की

बात सामने आ रही है। दो तारीख की रात फैक्ट्री में जीएसटी टीम कविता ठाकुर असिस्टेंट कमिश्नर दुर्ग के दिशा निर्देशन में की गई, जो दुर्ग के इनपुट के आधार पर कार्यवाही की गई। जीई रोड से डेढ़ किलोमीटर दूर फार्म हाउस के भीतर कोमल फूड प्रोडक्ट की कंपनी में छापा मारने का जो साहस दिखाया और फैक्ट्री में नोटिस चस्पा करने के साथ-साथ ताला लगा कर सील जड़ दिया गया है। जीएसटी की नोटिस चस्पा की गई है, उसमे उल्लेखित धाराओं मे सरकारी अधिकारी को जांच में सहयोग न करने और उचित जवाब नहीं देने का भी जिक्र है। शहर सहित जिलेभर में अवैध गुटखा का कारोबार बेधड़क चल रहा है, जिस पर ना तो प्रशासन कार्रवाई कर रहा है और ना ही संबंधित विभाग। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रतिबंधित गुटखा का यह नशे का कारोबार आखिर किन के वरदहस्त में चल रहा है, यह जांच का सबसे बड़ा विषय है। आज की युवा पीढ़ी भी इस नशे की ओर खिंची चली जा रही है, इस अवैध जर्दायुक्त गुटखा का गोदाम लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बनभेड़ी में बदस्तूर चल रहा था, [जिस पर कल देर रात दुर्ग जीएसटी की टीम ने छापा मारा और कार्रवाई की।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दो से तीन दिन पूर्व दुर्ग में जीएसटी की टीम ने कई गुटखा व्यापारियों के यहां छापामार कार्रवाई की थी, जिसके इनपुट के आधार पर राजनांदगांव में भी जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। कल देर रात जीएसटी की टीम ने राजनांदगांव शहर से लगभग 10 किमी दूर स्थित लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बनभेड़ी में फार्म हाउसनुमा फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई की गई है। उक्त फैक्ट्री में सीएसटी की टीम को अनेक प्रकार की मशीने और कच्चे सामान सहित सितार पाऊच भी होना बताया जा रहा है।

बाक्स...

जो सामान मिला फैक्ट्री में

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बनभेड़ी में बनाए जा रहे अवैध सितार गुटखा की फैक्ट्री में गुटखा बनाने की मशीन, तम्बाखू की बोरियां, इलायची का छिलका, तराजू, गुटखा मिक्सर मशीन, सुपारी, कत्था और सितार के पाऊच आदि सामान फैक्ट्री में मिले होने की जानकारी सामने आ रही है।

एक लाख गबन के आरोप में सुपरवाईजर सेल्समेन सहित तीन कर्मचारी बर्खास्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त-गंडई ने 28 फरवरी 2024 को देशी मदिरा कम्पोजिट दुकान में साल्हेवारा का आकस्मिक निरीक्षण करने पर 01,12,730 रूपये की चोरी-गबन प्रकाश में आने के पश्चात कार्यरत कर्मचारी मिथलेश ध्रुव सुपरवाईजर, सरित यादव सेल्समेन, गौकरण सोनवानी मल्टीपर्पस वर्कर से स्पष्टीकरण चाहा गया, उन तीनों कर्मचारियों द्वारा शासकीय मदिरा दुकान की विक्रय राशि के बारे में बताने में असमर्थता जाहिर किया गया। तदुपरान्त आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए समक्ष गवाहन पंचनामा बनाया गया। शासकीय मदिरा दुकान की राशि गबन के आरोप में उक्त कर्मचारियों को कार्य से पृथक किया जाकर मांग किया गया कि देशी मदिरा दुकान साल्हेवारा के सुचारू संचालन हेतु अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता है, जिसके आधार पर जिले में कार्यरत अन्य सुपरवाईजरों व सेल्समेन को तत्कालीन व्यवस्था के रूप में स्थानांतरित किया गया। उक्त के संबंध में संबंधित प्लेसमेंट एजेंसी प्राईमवन को गबन की राशि को शासकीय कोष में जमा करने पत्रव्यवहार किया गया। जिले में नवपदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा क्षेत्र में हो रही चोरी एवं गबन को रोकने के लिए निरंतर गश्त एवं पतासाजी किया जा रहा है, जिससे प्लेसमेंट कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिले में अवैध मदिरा धारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु उपलब्ध वाहन से निरंतर गश्त एवं पतासाजी किया जा रहा है। जिले में वर्ष के दौरान आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत प्रकरण संख्या 223, जप्त मदिरा की मात्रा 2290 लीटर, जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 514360, जप्त दो पहिया वाहन की संख्या-2 एवं जप्त चार पहिया वाहन की संख्या-1, आरोपियों की संख्या 223 को गिरफ्तार कर न्यायलीन कार्यवाही की गई। जिले में यदि किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा का धारण, परिवहन एवं विक्रय होता है, तो जिसकी शिकायत जिला प्रभारी डिगेश कुमार देवांगन जिला आबकारी अधिकारी मोबाईल नंबर-9131502113, तपन सोरी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मोबाईल पर शिकायत कर सकते हैं।

भोजराज नाग को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर बालोद भाजपा में दिखी अंतर्कलह

बालोद/नवप्रदेश। भाजपा ने अपने 11 लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसके बाद से नए प्रत्याशी को लेकर बालोद जिले सहित कांकेर जिले में आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। इसके बाद से एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे भाजपा में अंतर्कलह सामने आने लगी है। सांसद मोहन मंडावी के मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य करने वाले उमेश सिन्हा के द्वारा ही लोगों को वर्तमान कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के बारे में अफवाह फैलाने की बात सामने आई है और उनका स्क्रीनशॉट भी वायरल हो रहा है। इसको लेकर कांकेर लोकसभा के संयोजक भरत मटियारा ने पूरे मामले को संज्ञान में लिया है।इस संबंध में सांसद मोहन मंडावी में अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेरा कौन मीडिया प्रभारी, जब उमेश सिन्हा नाम के व्यक्ति का नाम लिया गया तो उन्होंने

कहा कि मेरा कोई मीडिया प्रभारी नहीं है, उमेश सिन्हा तो बिल्कुल भी मेरा मीडिया प्रभारी नहीं है भले ही सांसद ने उन्हें अपना मीडिया प्रभारी बताने से इनकार कर दिया लेकिन उमेश सिन्हा लगातार सांसद के साथ दौरों में दिखते थे उनका मीडिया-सोशल मीडिया भी संभालते हैं। दरअसल जिस मोबाइल नंबर से लोगों को वर्तमान सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग के विषय में दुष्प्रचार संबंधी मैसेज भेजे जा रहे हैं, उसे सोशल मीडिया व्हाट्सएप अकाउंट में भेजने वाले व्यक्ति का नाम उमेश सिंह मीडिया इंचार्ज एमपी कांकेर लोकसभा लिखा हुआ है।

एसपी ने थाना नांदघाट-संबलपुर का निरीक्षण कर जानी स्थिति

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना नांदघाट का जायजा लिया। इस दौरान सभी अधिकारियों व जवानों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने तथा थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिलें के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने 3 मार्च को संबलपुर नवीन चौकी हेतु मुंगेली रोड में स्थित पूर्व में संचालित पुलिस सहायता केन्द्र का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

परपोडी पुलिस ने 4 जुआरियों से 2100 एवं तास जप्त की

थाना परपोडी क्षेत्रांतर्गत ग्राम तिरियाभाठ के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर थाना परपोडी पुलिस टीम 3 मार्च को पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर 4 जुआडियों को पकडे। जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 4 जुआडियों अर्जुन बघेल उम्र 35 साल, भानू सिंह उम्र 26 साल, दिलीप कुमार बघेल उम्र 30 साल, गोकुल यादव उम्र 20 साल साकिनान तिरियाभाठ थाना परपोडी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 2100 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओमकार साहू, प्रधान आरक्षक दिनेश सोनी एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

संदिग्ध वाहनों की जांच, पुलिस ने कार से 42 लाख के चांदी के आभूषण किए जप्त

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद पुलिस ने रेहटीखोल अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर एक कार से भारी मात्रा में चांदी के आभूषणों को बरामद किया है. तस्कर इन आभूषणों को बरगढ़ ओडिशा से रायपुर ला रहे थे. जब्त चांदी की कीमत 42 लाख रुपये आंकी गई है. कार में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है.

कार सवार युवकों ने बताया कि वे दोनों बरगढ़ ओडिशा से रायपुर जा रहे है. इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए. कार से 58.480 किलो चांदी के आभूषण बरामद हुए. जब पुलिस ने दोनों को इन आभूषणों से संबंधित दस्तावेज दिखाने के लिए कहा तो युवक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए. इसके बाद पुलिस ने आभूषणों को जब्त कर लिया, जिनकी कीमत 42 लाख रुपये आंकी गई है. बता दें कि महासमुंद पुलिस विभिन्न सामानों की अवैध तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है. सिंघोड़ा पुलिस और साइबर सेल टीम ने महीने भर के अंदर तीसरी बार भारी मात्रा में सोना और चांदी पकड़ा है. इसके पहले 13 जनवरी को पुलिस ने दो लग्जरी कारों से सात किलो से अधिक सोने के बिस्कुट व पत्ती जब्त की थी. इसी तरह 27 जनवरी को एक कार से 81 ग्राम के सोने का नेकलेस, झूमके, चैन और 23 किलो 790 ग्राम की चार चांदी की सिल्ली जब्त की गई थी।

शारीरिक शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 11 फरवरी 2024 को प्रार्थिया रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2009 में राकेश रोशन टेकाम से दोस्ती हुई थी, तब से एक-दूसरे से मोबाइल में बातचीत करते थे एवं एक-दूसरे को पंसद करने लगे। वर्ष 2013 में जून के महीने में राकेश रोशन टेकाम मेरे घर शांति नगर आया, मेरे घर में कोई नहीं था, अकेलेपन का फायदा उठाकर मुझे शादी करने का आश्वासन देते हुये जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और लगातार शादी का प्रलोभन देकर नवंबर 2021 तक शारीरिक संबंध बनाया और शादी करने के लिए बोलने पर एसटी-एससी एक्ट में फंसा देने एवं परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 376, 376 (2) (एन), 506 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामला गंभीर होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। तत्काल ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी का पतासाजी तकनीकी सहयोग और मुखबीर लगाकर किया जा रहा था कि जरिये मुखबीर से आरोपी के बगीचा जशपुर में होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम बगीचा जशपुर पहुंचकर पतासाजी कर आरोपी राकेश रोशन टेकाम पिता गणपत टेकाम, उम्र 35 वर्ष, साकिन ग्राम हथरा, पोस्ट दिगवाड़ी, थाना खडगांव, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, हाल पता ग्राम पेटा, बगीचा, जिला-जशपुर को पकड़ा गया।

रॉ पाइपलाइन में लीकेज से रायपुर में 2 दिन नहीं होगी पानी की सप्लाई

- डेढ़ लाख से ज्यादा घर होंगे प्रभावित; रॉ पाइपलाइन में लीकेज की होगी मरम्मत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 6 और 7 मार्च को पानी की सप्लाई नहीं होगी। 1.50 लाख से अधिक घरों में पानी नहीं आएगा। दरअसल नदी से फिल्टर प्लांट में आने वाले रॉ- वाटर की पाइप लाइन में लीकेज आई है। पाइपलाइन की लीकेज को ठीक करने के चलते 2 दिन सप्लाई प्रभावित रहेगी। पाइप की मरम्मत का काम 6 मार्च को सुबह पानी सप्लाई के बाद किया जाएगा। दिनभर मरम्मत का काम चलेगा। इसकी वजह से 7 मार्च की सुबह भी सुबह पानी सप्लाई नहीं हो पाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत के दौरान करीब 14 घंटे का शटडाउन किया जाएगा। शहर की 30 पानी टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं होगी।

इन क्षेत्रों पर पड़ेगा असर

अफसरों के मुताबिक नगर निगम के जल विभाग की टीम इस लीकेज की मरम्मत करेगी। मरम्मत कार्य के कारण 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाली भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डी डी नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर की टंकियों में पानी नहीं आएगा। अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा, बैरन बाजार नया, देवेन्द्र नगर पानी टंकी में पानी नहीं आएगा। ये पानी टंकियां शहर के 1.50 लाख से अधिक घरों में पानी पहुंचाती हैं। इन इलाकों के अलावा बाकी हिस्सों में पानी पहले की तरह ही दिया जाएगा।

टैंकर करेंगे पानी की पूर्ति

नगर निगम जल विभाग के अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग ने बताया कि इंटेकवेल के 1400 एमएम व्यास की रॉ वाटर पाइप लाइन के लीकेज का काम होगा। जिससे लगभग शहर के सभी पानी टंकियों से पानी की सप्लाई प्रभावित होगी। हमारी कोशिश रहेगी समय से पहले काम को पूरा कर लिया जाए। इस दौरान पानी की वैकल्पिक सप्लाई जारी रहेगी। इसके लिए जोन कमिश्नर को ठेकेदारों की ओर से चलाए जा रहे टैंकर से पानी की सप्लाई की जाएगी।

पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत चौकी मारो पुलिस स्टाफ के द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा धारा 138 हुद्ध एक्ट के मामले में फरार चल रहें स्थायी वारंटी भूषण सिंह चौहान पिता पन्ना लाल चौहान उम्र 28 साल पता वार्ड नं. 06 तालाब के पास ग्राम भिलौनी मारो चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को आज 4 मार्च को न्यायालय में पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षक साधराय कौशल देवनारायण साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

जिला स्तरीय बहुभाषा कार्यशाला, 45 शिक्षकों को ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं डीएमसी सतीश ब्योहरे के निर्देशन में दिनांक 2 मार्च को जिला स्तरीय बहुभाषा शिक्षण के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों की भाषा में सीखने-सिखाने हेतु सामग्री निर्माण एवं उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त किए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी विकासखंड से 5-5 शिक्षकों के हिसाब से 45 शिक्षकों को विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया। विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विकासखंड में जोन स्तर पर प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षकों को बहुभाषा शिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

इस प्रशिक्षण में बच्चों के सीखने में भाषा की भूमिका और प्रथम भाषा के रूप में उनके घर के भाषा का महत्तव पर फोकस किया गया, जिसमें सीखने-सिखाने में बच्चों की भाषा का महत्व, भाषा विकास से संबंधित भ्रांतियां क्या-

क्या है, बहुभाषा शिक्षा क्या है, बहुभाषा शिक्षा के लाभ को बताया गया, चूंकि बच्चें सबसे पहले अपनी बात को अपने घर की भाषा में करते है और वे अपनी भाषा के शब्दावलियों का प्रयोग करते हुए अपनी बात को कक्षा में रखते है, इसलिए शिक्षक को भी चाहिए कि बच्चों को कम से कम प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिया जाये। इसके लिए बच्चों के घर की भाषा का प्रयोग विशेष रूप से करने की आवश्यकता है। बहुभाषा शिक्षा अंतर्गत बच्चों को दूसरी भाषा सिखाने की रणनीतियां एवं सामुदायिक सहभागिता सहित अन्य बिन्दुओं पर बारी-बारी से जानकारी दी गई।इस अवसर पर सहायक जिला परियोजना अधिकारी पीसी मरकल्ले ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 में प्राथमिक स्तर तक के बच्चों की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिए जाने का प्रावधान है।

25 नग गुम मोबाईल ढूंढकर लौटाया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस राजनांदगांव के द्वारा मोबाईल धारको के गुम मोबाईल के तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुम हुए 25 नग मोबाईल कीमती 375000 रूपये को तकनीकी सहायता के माध्यम से ढूंढकर 4 मार्च को मोबाईल धारकों को लौटाया गया। पुलिस की कार्यवाही से मोबाईलधारकों को उनका मोबाईल मिल जाने से सभी ने खुशी जाहिर करते हुए थाना कोतवाली पुलिस राजनांदगांव टीम को धन्यवाद दिया गया। आगे भी गुम मोबाईल की पता तलाश निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में महिला आरक्षक रानू दुबे, आरक्षक भवानी थनापतिसहित अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

400 साल पुराने मंदिर में चंद्रशेखर स्वरूप में होगा बुढ़ेश्वर नाथ का विवाह

■ शिवरात्रि के लिए पूरे मंदिर को भव्य वैवाहिक मंडप का स्वरूप दिया जा रहा



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सबसे प्राचीन और विशाल शिवालय बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में बाबा बुढ़ेश्वरनाथ चंद्रशेखर स्वरूप धारण कर विवाह रचाएंगे। इसके लिए पूरे मंदिर को भव्य वैवाहिक स्थल के रूप में मंडप का स्वरूप दिया जा रहा है। इसके लिए तैयारियां जोर-जोर से प्रारंभ हो गई है।

रायपुर पुष्टिकर समाज के मुख्य ट्रस्टी चंद्र प्रकाश व्यास ने बताया कि बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर लगभग 400 वर्ष प्राचीन है और यहां पर स्वयंभू शिवलिंग है जिसके दर्शन मात्र से ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इसका संचालन प्राचीन काल से रायपुर पुष्टिकर समाज द्वारा किया जा रहा है उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारी मंदिर परिसर में जोरों से चल रही है पूरे शिवालय को एक वैवाहिक मंडप का स्वरूप दिया जा रहा है जिसमें भगवान भोलेनाथ की बारात का दृश्य मंदिर के बाहर स्थल में देखने को मिलेगा। वहीं मंदिर के गर्भ गृह को वैवाहिक वेदी का स्वरूप दिया जा रहा है जहां पर भगवान शिव पार्वती फेरे लेते हुए नजर आएंगे और सभी देवता गण उन पर पुष्प वर्षा करते हुए दिखेंगे।

क्या है भगवान भोलेनाथ का चंद्रशेखर स्वरूप : भगवान शिव के विवाह का प्रसंग है। पार्वती की माता मैना के भीतर अहंकार था। भगवान शिव इस अहंकार को नष्ट करना चाहते थे इसलिए उन्होंने भगवान विष्णु और ब्रह्माजी से कहा- आप दोनों मेरी आज्ञा से अलग-अलग गिरिराज के द्वार पर पहुंचिए। शिवजी की आज्ञा मानकर भगवान विष्णु सबसे पहले हिमवान के द्वार पर पधारे। मैना (पार्वतीजी की माता) ने शुभ आरती सजाई और उनके साथ की स्त्रियां उत्तम मंगलगीत गाने लगीं। सुंदर हाथों में सोने की थाल शोभित है, इस प्रकार मैना हर्ष के साथ शिवजी का परछन करने चलीं। जब मैना ने विष्णु के अलौकिक रूप को देखा तो प्रसन्न होकर नारद जी से पूछा है- क्या ये ही मेरी शिवा के शिव हैं?

माता पार्वती ने कहा मुझे वो उसी रूप में स्वीकार है

इस दौरान माता मैना ने नारद जी को भी बहुत सुनाया। कहा मैंने नारद का क्या बिगाड़ा था जिन्होंने पार्वती को ऐसा उपदेश दिया कि उसने बावले वर के लिए तप किया। सचमुच उनको न किसी का मोह है, न माया, न उनके धन है, न घर है। यह सब सुनकर पार्वती अपनी मां से बोली- हे माता! कलंक मत लो, रोना छोड़ो, यह अवसर विषाद करने का नहीं है। मेरे भाग्य में जो दुख-सुख लिखा है, उसे मैं जहां जाऊंगी, वहीं पाऊंगी।

ऐसा कह कर पार्वती शिव के पास गई और उन्होंने निवेदन किया हे भोले नाथ! मुझे सभी रूप और सभी वेश में स्वीकार हो, लेकिन प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका दामाद सुंदर हो।

किसी भी हालत में इससे बेटी का विवाह नहीं कर सकती

इस दौरान भगवान का भयानक रूप देखकर कुछ महिलाएं डर के मारे व कन्या पक्ष से माता मैना मूर्छित हो गई। जब मैना जी को होश आया तो रोते हुए कहा- चाहे कुछ भी हो जाए मैं इस भेष में अपनी बेटी का विवाह शिव से नहीं कर सकती हूं। माता ने पार्वती से कहा- मैं तुम्हें लेकर पहाड़ से गिर पडूंगी, आग में जल जाऊंगी या समुद्र में कूद पडूंगी। चाहे घर उजड़ जाए और संसार भर में अपकीर्ति फैल जाए, पर जीते जी मैं इससे तुम्हारा विवाह नहीं करूंगी।

भगवान शिव के अद्भुत रूप को ही चंद्रशेखर कहते हैं

तभी वहां विष्णु जी आ जाते हैं और कहते हैं पार्वती जी! आप चिंता मत कीजिए। आज जो शिव का रूप बनेगा उसे देखकर सभी दंग रह जाएंगे। आप यह जिम्मेदारी मुझ पर छोड़िए। भगवान विष्णु ने भगवान शिव का सुंदर श्रृंगार किया और सुंदर वस्त्र पहनाए। करोड़ों कामदेव को लज्जित करने वाला रूप बनाया शिव जी का। शिव के इस रूप को भगवान विष्णु ने चंद्रशेखर नाम दिया।

अल सुबह होगी भस्म आरती, पंचामृत अभिषेक

प्रबंधक ट्रस्टी श्रीमती विजयलक्ष्मी बोहरा ने बताया कि महाशिवरात्रि के आयोजन के लिए समाज के युवाओं की पूरी टीम पिछले 10 दिनों से सक्रिय है। 8 मार्च महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 4.45 बजे भस्म आरती, पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 7 बजे से श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे। उसके बाद दोपहर 12 बजे भगवान भोलेनाथ को राजभोग अर्पित किया जाएगा। शाम 4 बजे से भगवान भोलेनाथ के चंद्रशेखर स्वरूप के दर्शन प्रारंभ होंगे जो देर रात्रि तक चलेंगे। रात्रि 12 बजे से महानिशा पूजा का आयोजन भी किया जाएगा।

अद्भुत है भोलेनाथ का स्वरूप

तब नारद जी बोले, ''नहीं, ये तो भगवान श्री हरि हैं। पार्वती के पति तो और भी अलौकिक हैं। उनकी शोभा का वर्णन नहीं हो सकता।'' इस प्रकार एक-एक देवता आ रहे हैं, मैना उनका परिचय पूछती हैं और नारद जी उनको शिव का सेवक बताते हैं। फिर उसी समय भगवान शिव अपने शिवगणों के साथ पधारते हैं। सभी विचित्र वेश-भूषा धारण किए हुए हैं। कुछ के मुख ही नहीं हैं और कुछ के मुख ही मुख हैं। उनके बीच में भगवान शिव अपने नाग के साथ पधारे हैं।

शगुन में शिवजी प्रिय वस्तु नाग थमा दिए

शिवजी से द्वार पर शगुन मांगा गया। बाबा ने पूछा कि शगुन क्या होता है? किसी ने कहा कि आप अपनी कोई प्रिय वस्तु दान में दीजिए। बाबा ने अपने गले से सर्प उतारा और उस माता मैना के हाथ में रख दिया जो शगुन मांग रही थी, तो माता वहीं मूर्छित हो गई। इसके बाद जब महादेवजी को भयानक भेष में देखा, तब स्त्रियों के मन में भारी भय उत्पन्न हो गया। डर के मारे भागकर वे घर में घुस गईं। इधर शिवजी जहां जनवासा था, वहां चले गए।

भाजपा ने 3 महीने में ही कई वादों को पूरा कर दिया

■ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियों को तेजी से अमलीजामा पहनाने में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा के सभी सात मोर्चों की सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आहूत संयुक्त बैठक हुई जिसमें प्रदेश व केंद्रीय नेताओं ने चुनावी रणनीति पर मार्गदर्शन देकर कार्यकर्ताओं से कमर कसकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए आह्वान किया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से सघन जन सम्पर्क और जन संवाद करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर संबोधन की शुरुआत में भाजपा में प्रवेश करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में अभिनंदन है। साय ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद कभी भी हो सकता है। छत्तीसगढ़ के सभी 11 संसदीय क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के नाम घोषित हो गए हैं। अब कार्यकर्ताओं को कटिबद्ध होकर सभी सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए परिश्रम करना है। श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को 10 वर्ष हो गए हैं। इन वर्षों के कार्यकाल में भाजपा की सरकार ने देश में चहुंमुखी विकास और जनकल्याण के कार्य कर अनेक उपलब्धियों से देश का माथा गर्व से ऊँचा किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सन 2014 में भाजपा को 282 सीटें मिलीं और फिर सन 2019 में जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री श्री मोदी पर विश्वास करते हुए 303 सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर अपना आशीर्वाद दिया। इस बार के चुनाव में हम सबको 'चार सौ पार' का लक्ष्य लेकर केंद्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए कार्य करना है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही लगातार बड़े-बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। पहली ही कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, जो कांग्रेस सरकार ने रोक दिया था, के लिए राज्यांश की घोषणा कर दी गई। महतारी वंदन योजना के तहत चुनाव से पहले प्रदेश की 70 लाख 14 हजार महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए (सालाना 12 हजार रु.) दिया जाएगा कटाक्ष किया कि कांग्रेस पार्टी देश में कहीं दिख नहीं रही है। भारत जोड़ो यात्रा निकालने वाले कांग्रेसी पहले अपने पार्टी के लोगों को जोड़ें।

पूरी गंभीरता से नीचे स्तर तक संपर्क करना है- देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले लोगों का स्वागत किया। संबोधन में देव ने कहा कि भाजपा की पहचान नीति और सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से होती है। यहां जो कार्यकर्ता बैठे हुए हैं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों को निचले स्तर पर ले जाकर लेकर जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 5 वर्षों से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता सिद्ध हुए हैं। देव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी गंभीरता के साथ नीचे स्तर तक संपर्क करने जाना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि केंद्र नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं को जो निर्देश दिए गए हैं, उनको पूरा करना है। 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक भाजपा के कार्यकर्ता लगातार कार्य करते हैं, भाजपा का कार्य वर्षभर चलता है। भाजपा और कांग्रेस में यही अंतर है कि भाजपा का कार्यकर्ता स्वाभिमानी होता है। देव ने तंज कसा कि कांग्रेस पार्टी तो गोबर और गौठान से ही आगे नहीं बढ़ी।

सभी सीटों पर कमल खिलाना है- जम्वाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। हमारा नारा है- अबकी बार 400 पार, और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना है। इस दृष्टि से संगठन के कार्य और दायित्वों का चुस्त-दुरुस्त होकर निर्वहन करना है। जनता के बीच जाकर उनसे सघन सम्पर्क और संवाद करना है। आज हमें यह संकल्प लेना है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत हासिल करनी है।

10 लाभार्थियों और 200 परिवारों से सम्पर्क करना है- पवन

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि आगामी 30 मार्च तक भाजपा कार्यकर्ताओं को 10 लाभार्थियों और 200 परिवारों से सम्पर्क करना है। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 250 दीवारों पर लेखन कार्य करना है और उसे सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर अपलोड करना है। 10 घरों में भाजपा का झंडा लगाना है। विकसित भारत संकल्प सुझाव कार्यक्रम के तहत 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सुझाव लेकर उसे सुझाव पेटी में संग्रहित करना है और नमो एप पर अपलोड करना है। बैठक की कार्यवाही का संचालन कार्यक्रम का संचालन मोर्चा प्रभारी भरतलाल वर्मा ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता समस्त मोर्चा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ का चुनाव फार्मूला राष्ट्रीय स्तर का फार्मूला बना- नबीन

प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन कहा कि यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ का चुनाव फार्मूला राष्ट्रीय स्तर का चुनाव फार्मूला बन रहा है। अब लोकसभा चुनाव का अवसर आया है तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतनी है, इस बार छत्तीसगढ़ का रिजल्ट शत-प्रतिशत भाजपा के पक्ष में हो, इसके लिए कार्यकर्ता तैयार हो जाएं। छोटी-छोटी बैठकें करके अलग-अलग समाज के लोगों को भाजपा से जोड़ना है। उन सभी विधानसभा क्षेत्रों तक भी पहुँचना है जहां पर भाजपा को कम अंतर से जीत मिली हो।

बीजेपी देश के विकास के लिए काम करती है- साव

वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पहले राजनीतिक दल अपने परिवार को अपने भाई अपने भतीजे अपने बेटे को स्थापित करने के लिए काम करते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी जी की सरकार है जो केवल देश के विकास के लिए काम कर रही है। 'फिर एक बार, मोदी सरकार'; 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाते हुए साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाकर श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

कांग्रेस पार्टी डूबती नैया है, जिस पर कोई सवार होना नहीं चाहता : सीएम साय

■ भाजपा मोर्चा की संयुक्त बैठक में चौहान, पवार समेत 200 से ज्यादा ने ली भाजपा की सदस्यता

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के मोर्चों की संयुक्त बैठक में सोमवार को 200 से ज्यादा लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा प्रवेश के इस कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन के अनेक मोर्चा की संयुक्त बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां लोकसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कांग्रेस पार्टी डूबती नैया है जिस पर कोई सवार नहीं होना चाहता और जो सवार है वह एक-एक करके भाजपा में आ रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री साय के साथ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरत वर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में अंतागढ़ के पूर्व विधायक मंतूराम राम पवार, बिलासपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, जगबंधु विश्वास पवार समर्थक दल के संयोजक, बंग समाज के प्रदेश सचिव एवं सरपंच मनोज मंडल, सरपंच संजीत मिस्त्री, मिठू दुग्गा, संतोष शील, राजकुमार यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कोयलीबेड़ा, प्रभात मंडल, इंद्रजीत विश्वास, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप बनिक, सुबन धनसर, जगन्नाथ बढ़ाई, अर्जुन मंडल, समरेश राय, जयदेव राय, संजय कीर्तनीय, मनोरंजन राय, चांदमन हीरा, विकास सरकार, प्रफुल्ल व्यापारी अध्यक्ष युवा समिति, चिरंजीत दास, अपूर्व मंडल, कालाचंद मंडल, नेपाक मंडल, नंदलाल सरकार, प्रकाश विश्वास, उत्पल विश्वास, जीवन विश्वास, उत्पल राय, रणजीत सरकार, प्रणव ढाली, मनमोहन, श्री राम दे, अखिल हीरा, चंदन गार्डन, प्रकाश मंडल, असीम मंडल, प्रशांत मंडल, सचिन मंडल, सुभाष मंडल, मोहम्मद सिकंदर खान प्रदेश विशेष कार्य समिति सदस्य बिलासपुर अल्पसंख्यक, जानीश बक्श सिद्दीकी, मो. हारून कुरैशी, मोहम्मद इमरान कुरेशी, मोहम्मद रईस कुरैशी, मोहम्मद खलील, राजेश्वर भार्गव राजमहंत सदस्य जिला पंचायत मस्तूरी, राहुल सोनवानी सदस्य जिला पंचायत मस्तूरी, अखिलेश पांडे अभिनेता पूर्व प्रत्याशी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस बिलासपुर, कमल गुप्ता कांग्रेस पदाधिकारी सीपत, मोहनलाल पाटनवार पूर्व जनपद सदस्य मस्तूरी, इशाक खान, कांग्रेस पदाधिकारी, सुभाष टंडन - राहुल प्रियंका गांधी सेना जिला अध्यक्ष बिलासपुर, गजपाल चंद्रसेन उपाध्यक्ष, अरबाज खान, विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारियों सहित 200 से ज्यादा लोग भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा प्रवेश का दौर जारी

इसके पूर्व 15 फरवरी को पूर्व विधायक विधान मिश्रा एवं प्रमोद शर्मा सहित 300 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली थी। भाजपा प्रवेश का दौर लगातार जारी है। भाजपा प्रवेश करने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब कहीं नहीं दिखती है। कांग्रेस पार्टी डूबती नैया है जिस पर कोई सवार नहीं होना चाहता और जो सवार है वह एक-एक करके भाजपा में आ रहे हैं। जो पार्टी केवल एक ही परिवार पर केंद्रित हो उस कांग्रेस पार्टी में भला कौन रहना चाहेगा। उन्होंने भाजपा प्रवेश करने वाले सभी सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

चिंतामणी महराज भाजपा में शामिल होते ही हो गए पाक साफ

■ कांग्रेस ने कहा एक ही पत्र के आधार पर 35 लोगों पर एफआईआर चिंतामणी को छोड़ दिया गया

रायपुर/नवप्रदेश। पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार और कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के उद्देश्य से कांग्रेस की सरकार के दौरान ईडी ने अनेक कार्यवाहियां की थी।

ईडी ने तथाकथित कोल घोटाला को लेकर तीन सालों तक जांच की और जब कुछ हासिल नहीं कर पाई, तो ईडी ने राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो को 11 जनवरी 2024 को पत्र लिखकर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने को कहा।

इस पत्र में ईडी ने इस तथाकथित कोल घोटाले को लेकर विस्तृत ब्यौरा भी दिया। इसमें कुछ लोगों के नाम भी सौंपा जिनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज किये जाने को कहा गया था। इस पत्र में ईडी ने जिन लोगों के नाम सौपी है, उनके सामने तथाकथित रूप से कितनी राशि प्राप्त हुई उसका उल्लेख भी किया है।

इसी में 10वें क्रम पर ईडी ने तत्कालीन कांग्रेस के सामरी से विधायक चिंतामणी महराज के नाम का उल्लेख करते हुये 5 लाख रुपए लिये जाने का दावा किया है। ईडी ने उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने को लिखा है। ईडी ने इस पत्र के आधार पर एसीबी ने जो एफआईआर 17 जनवरी 2024 को दर्ज किया है उसमें चिंतामणी महराज का नाम नहीं है।

चिंतामणी महराज जो कांग्रेस के विधायक थे अब भाजपा में शामिल होकर भाजपा से सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार हैं। जैसे ही मोदी के वाशिंग मशीन में डाले गये उनके सारे पाप धुल गये। कमल छाप का ताबीज पहनकर वे ईमानदार हो गये।

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद ने सवाल किया कि एक पत्र के आधार पर जब 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाता है, तो फिर चिंतामणी महराज का नाम एफआईआर से बाहर क्यों किया गया, इसीलिये कि वे भाजपा में शामिल हो गये हैं।

यह भाजपा का चरित्र है विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई को आगे कर मुकदमा दर्ज किया जाता है, दबाव बनाया जाता है, जेल भेजा जाता है, लेकिन जैसे ही वह नेता भाजपा में शामिल हो जाता है उसके खिलाफ सारी कार्यवाही रोक दी जाती है। अजीत पवार, हेमंत बिसवा सर्मा, नारायण राणे, रेड्डी बंधु, मुकुल राय, शुवेंदु अधिकारी, एकनाथ शिंदे, अशोक चौहान जैसे कई उदाहरण हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रदेश की नववधुओं का करेंगे सम्मान

■ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत राज्य निर्वाचन कार्यालय रायपुर में करेगा बड़ा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ की नववधुओं का करेंगे सम्मान।

उन्होंने कहा लोकसभा आम निर्वाचन के महापर्व में मतदाताओं की भूमिका अहम है। मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने का एक बहुत महत्वपूर्ण माध्यम है। कंगाले आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने कहा कि आगामी एक माह में राज्य स्तर पर विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत आगामी 17 मार्च को नववधु सम्मान समारोह का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसमें नवविवाहित वधुओं को सम्मानित किया जाएगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा एनएसएस, एनसीसी और स्कॉउट गाइड के युवाओं के माध्यम से युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

किसी भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शामिल नहीं किया जाए। कंगाले ने मतदाता जागरूकता के तहत जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया । बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा की।

उन्होंने महिला बाल विकास विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन , आकाशवाणी , जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों एवं संस्थानों के समन्वय से पूरे प्रदेश में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाने पर जोर दिया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वय पी एस ध्रुव तथा डॉ के आर आर सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य अधिकारी डॉ नीता वाजपेयी, महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी, भारत स्कॉउट गाइड की राज्य समन्वयक सरिता पांडेय, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ शैलेन्द्र कुमार पटेल, पियाली फाउंडेशन की निदेशक डॉ मीता मुखर्जी सहित नेहरू युवा केन्द्र, दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु 5 को करेंगे अयोध्या दर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को 5 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को कल सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा।

गौरतलब है कि 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा सकेंगे। इस विशेष ट्रेन का संचालन 5 मार्च से प्रारंभ हो रहा है।

न्यूज गैलरी

भुलाटोला स्कूल में विज्ञान दिवस के साथ न्योता भोज

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के भुलाटोला पूर्व माध्यमिक शाला में विज्ञान दिवस और न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में अंधविश्वास को दूर करने वाले प्रयोगों सहित 30 से अधिक प्रयोग शाला के छात्रों द्वारा ग्रामीणों, उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, संकुल समन्वयकों को दिखाया गया। नारियल में बिना माचिस आग लगने , दंड कमंडल पर बैठे साधु सहित चंद्रयान एवं विक्रम लैंडर को लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा विज्ञान पर आधारित अंधविश्वास को दूर करने नाटक का मंचन किया गया। शाला प्रधानपाठिका संध्या सिंह द्वारा अपने पुत्र सत्यव्रत सिंह के एयरोनॉटिक्स इंजीनियरिंग की डिग्री पूर्ण करने पर शाला में न्योता भोजन का आयोजन कर छात्रछात्राओं को खीर और पूड़ी खिलाया गया। विज्ञान दिवस और न्योता भोजन के दौरान संकुल समन्वयक रामेश्वर वर्मा, तोपचंद वर्मा संध्या सिंह , अशोक जंघेल, अजय साहू, मृदुला त्रिपाठी, नीरा राजपूत, खेमचंद निषाद सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीण, डाइट के छात्राओं सहित स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैंक खाते से आधार सीडिंग एवं डीबीटी कार्य का किया अवलोकन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज बैंकों में महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार सीडिंग एवं डीबीटी कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने महिलाओं हितग्राहियों के बैंक खाते से आधार सीडिंग के कार्य को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैंकर्स को 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष काउन्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराने कहा।उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला, तलाकशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए उनके आधार लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। बैंकों के माध्यम से इस कार्य को 5 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। जिसके लिए जिले के सभी बैंक शाखाओं को केवल महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु बैंकों में विशेष काउन्टर की व्यवस्था चालू रखने निर्देशित किया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि पंप कनेक्शनों में पर्याप्त क्षमता के अनुसार लगायें कैपेसिटर

कवर्धा/नवप्रदेश। विद्युत विभाग के द्वारा सभी कृषि पंप उपभोक्ताओं से अपने कनेक्शनों में पर्याप्त क्षमता के अनुसार अनिवार्य रूप से कैपेसिटर लगाकर कंपनी को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। विद्युत विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि रबी फसल में सिंचाई हेतु पानी की अत्यधिक आवश्यकता के कारण कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है, जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है। सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नहीं लगाए जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है, जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है, एवं जलने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके अलावा कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है।

तेज रफ्तार ट्रक पेड़ से टकरायी, एक की मौत और एक गंभीर

कबीरधाम में नहीं थम रहे सड़क हादसे, नेशनल हाइवे में लंबा जाम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले से होकर गुजरने वाली नेशनल हाइवे 30 में एक ट्रक हादसे का शिकार हो गया है. नेशनल हाईवे 30 में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया है. हादसे में एक की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल है. वहीं चिल्फी घाटी के खाई में गिरी ट्रक को निकालने की वजह से रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में पांच घंटे से जाम लगा है.

कबीरधाम- छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती कबीरधाम जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है. रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में पगवाही गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराया है. हादसे में कंडक्टर की मौत हो गई है, जबकि ड्रायवर गंभीर रूप से घायल है. वहीं 1 मार्च को ट्रेलर चिल्फी थाना क्षेत्र के नागमोरी घाटी स्थित खाई में जा गिरा था. आज उस ट्रेलर और उसमें लोडेड लोहे के एंगल को निकाला जा रहा है. जिसके चलते नेशनल हाईवे 30 में आवागमन बाधित है.

ट्रक पेड़ से टकराया, एक की मौत कबीरधाम जिले के रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में पगवाही गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. ग्रामीणों की सूचना पर चिल्फी थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची.

लगभग 12 बजे सूचना मिली की पगवाही के पास ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. दो लोग गाड़ी में फंसे हुए हैं. पुलिस मौके पर पहुंची तो चालक गंभीर अवस्था में स्टेरिंग में फंसा हुआ था और परिचारक की मौत हो गई थी. दोनों को बहार निकाला गया है. - उमेश देशमुख, टीआई, चिल्फी थाना

कंडक्टर की मौत, ड्रायवर घायल- हादसे में परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रुप से घायल है. पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कंडक्टर के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए बोड़ला मर्चुरी भेजा है. बताया जा रहा है कि ट्रक दिल्ली से माल लोड कर विशाखापट्टनम जा रही थी. मृतक मुरैना का रहने वाला था. उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है. परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

खाई में गिरी ट्रक का रेस्क्यू जारीचिल्फी थाना प्रभारी उमेश देशमुख ने बताया, ÷01 मार्च की रात गुजरात से छत्तीसगढ़ के धमधा लोहे के एंगल ले जा रही ट्रेलर अनियंत्रित होकर चिल्फी घाटी के खाई में गिर गई थी. दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसका इलाज बोड़ला स्वास्थ्य केंद्र में जारी है. वहीं आज सोमवार को ट्रेलर और एंगल को खाई से निकाला जा रहा है. दुर्घटनाग्रस्त वाहन और लोहे के एंगल को क्रेन की मदद से खाई से बाहर निकाला जा रहा है. सुरक्षा के नजरिये से आवागमन रोका गया है. इस वजह से नेशनल हाइवे में लम्बा जाम लगा हुआ है. बहुत जल्द काम खत्म हो जाएगा और आवागमन संचालित होने लगेगी।

- **उमेश देशमुख,** टीआई, चिल्फी थाना

नपाध्यक्ष का आरोप सीएमओ काम नहीं करने दे रहे

नपा अध्यक्ष के इस्तीफे पर रार, विधायक ने कहा समन्वय बनाकर कार्य करें

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने पहले इस्तीफा दिया उसके बाद अब इनकार कर नपा सीएमओ के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई है। नपा अध्यक्ष व्दारा इस्तीफा नहीं दिए जाने की जानकारी नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव को भी दी गई। नगरपालिका में अध्यक्ष पद को लेकर बनी गहमागहमी के बीच विधायक यशोदा वर्मा ने नगरपालिका पहुँची और सीएमओ प्रमोद शुक्ला से पूरे मामले की जानकारी ली। नगरपालिका कार्यालय पहुँची विधायक यशोदा वर्मा के साथ पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन सहित कांग्रेस के पार्षदगण मौजूद थे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने सीएमओ प्रमोद शुक्ला पर अध्यक्ष पद पर कार्य नहीं करने देने, अध्यक्ष पद को खाली बताए जाने के आरोप लगाते हाईकोर्ट से मिली राहत के आदेश भी दिखाए। विधायक श्रीमती वर्मा ने इस दौरान मामले में सीएमओ शुक्ला से चर्चा करते अध्यक्ष को उनके दायित्व निभाए जाने और कार्य करने देने कहा। इस पर सीएमओ ने सीधे तौर पर मामला नगरीय प्रशासन विभाग के पास होने का हवाला देते कार्यवाही और दिशा निर्देश वहीं से आने की बात कही । विधायक ने मामले में सीएमओ से त्वरित हल निकालने, पालिका के कार्यो का संचालन सामान्य तरीके से करने निर्देश भी दिए ।

अध्यक्ष को कार्य के लिए नहीं रोकाः सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने विधायक से चर्चा के दौरान कहा कि उन्होंने नपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा को कार्य करने, पालिका में आने जाने के लिए नहीं रोका है। चूंकि उनके द्वारा अध्यक्ष पद से

इस्तीफा दिए जाने , उसके बाद इस्तीफे से इनकार करने के मामले को पालिका प्रशासन द्वारा अवर सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है । तो विभागीय आदेश के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी । शुक्ला ने कहा कि वे शासन के दिशा निर्देशो का ही पालन करेंगें । ऐसे मे स्थिति फिलहाल और उलझ कर रह गई है । सीएमओ शुक्ला ने बताया कि सोमवार को वे मामले को लेकर अवर सचिव कार्यालय जाकर इसमें दिशा निर्देश दिए जाने की मांग करेंगें । ताकि अध्यक्ष पद की स्थिति साफ हो सके ।

कई प्रस्ताव अटके, बैठक नहीं हो पाएगीः अध्यक्ष

नपाअध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि इस्तीफा मामले को उलझाकर पालिका प्रशासन जानबूझकर मामले को हवा दे रहा है। विधानसभा चुनाव के बाद से पालिका की सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाई है। इसके चलते पालिका के विभिन्न कार्यो के प्रस्ताव सहित शहर के विभिन्न वार्डो के लोगों के जाति, निवास , आवास, पेंशन राशनकार्ड सहित आवेदनों पर मुहर लगना बाकी है। पांच माह से बैठक नहीं होने के कारण लोगों को भटकना पड़ रहा है । वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के पूर्व बैठक रखने से अटके प्रस्ताव को हरी झंडी देने से लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा ।

आचार संहिता लगने से सभी प्रस्तावों पर फिर तीन महीने इंतजार करना पड़ेगा ।

पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बुजुर्ग की हत्या, आरोपी गिफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में आज सुबह सैर पर निकले एक बुजुर्ग की युवक ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी. सड़क किनारे बुजुर्ग की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हत्यारे युवक को गिरफ्तार कर लिया है. मामला भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम तरेंगा का है. मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के सिर पर गहरे चोट के निशान है. पुरानी रंजिश की वजह से युवक ने बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया. वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना अपराध कबुल कर लिया है और घटना में प्रयुक्त डंडा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है.

इस घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव ने बताया कि भाटापारा के ग्राम तरेंगा में आज सुबह बुजुर्ग व्यक्ति 67 वर्षीय योगेश अग्रवाल की लाश मिली है. उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान है. पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है.

बता दें कि बुजुर्ग दानवीर दाऊ कल्याण सिंह के परिवार का बताया जा रहा है. फिलहाल भाटापारा ग्रामीण पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

पुलिस ने 10,300 किलो गांजा के साथ 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। पुलिस ने दो अंतर राज्यीय गांजा तस्कर को 10,300 किलो मादक पदार्थ के गिरफ्तार किया है इस सम्बंध जानकारी देते पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने बताया कि जिले में असामाजिक तत्व व मादक पदार्थ तस्करी करने वालों पर पुलिस लगातार कार्यवाही करने का निर्देश दिया है दिनांक दिनांक 02/03/2023 को पुलिस ने गांजा परिवहन करने वाले आरोपी खेमचंद अहिरवार एवं संतोष झारिया जिला जबलपुर म0प्र0को किया गिरफ्तार।मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक काला कलर के ष्ड्ड5 मोटर सायकल कमांक स्क्क 20 स्रू 6344 के बीच सीट में दो बैग में है जिसमें मादक पदार्थ जैसा गांजा छिपाकर रखा है जो जगदलपुर से कोण्डागांव की ओर आ रहा है की सूचना पर मर्दापाल चौक कोण्डागांव के पास नाकाबंदी कर संदेही आरोपीयों को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर मोटरसाइकिल की चेकिंग करने पर मोटर सायकल के बीच सीट में रखे दो बैग के अंदर भूरे रंग के सैलो टेप में लिपटा हुआ अवैध मादकदो पैकेट में दस किलो तीन सौ ग्राम पदार्थ छिपाकर रखा गया था। आरोपी का कृत्य नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से आरोपीयो को दिनाक 02.03.2024 को गिरफ्तार कर सम्पूर्ण कार्यवाही पश्चात थाना कोण्डागांव में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से करें लाभान्वित : बघेल

जिले के प्रभारी मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज राजिम के रेस्ट हाउस में केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी शासन के मंशानुरूप कार्य करे। शासन द्वारा सभी वर्गो के हित के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। इसका लाभ पात्र लोगों को अनिवार्य रूप से मिल सके। इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू, कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कांबले, वनमण्डलाधिकारी श्री मणिवासगन एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल ने सर्वप्रथम जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने जिले के भौगोलिक स्थितियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मंत्री श्री बघेल ने समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी मार्गदर्शन

एवं निर्देश दिये हैं। खाद्य विभाग के समीक्षा में उन्होंने कहा कि सभी पहुंचविहीन केन्द्रों में खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित हो। सभी पात्र हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड नवीनीकरण कराने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिलाने, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जन केन्द्र से धान उठाव एवं जमा करने की जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव 87 प्रतिशत हो चुका है। अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, जल जीवन मिशन के तहत प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी गांवो के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थलों के ठेकेदारों द्वारा सही तरीके से निर्माण कार्य नहीं किये जा रहे ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे। मंत्री श्री बघेल ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग द्वारा बजट में स्वीकृत कार्यो की जानकारी लेते हुए उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देष दिये।

झुंड से खदेड़ा गया गुस्सैल दंतेल ने तोड़ा एक और ट्रैप कैमरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी अभ्यारण्य में हाथी की ओर से ट्रेप कैमरा तोड़ने का दूसरा मामला सामने आया है. दरअसल, झुंड से खदेड़ा गया हाथी आक्रोशित हो गया है. कैमरे का फ्लैश चमकते ही हाथी उत्तेजित हो रहा है और उसे तोड़ रहा है.

3 मार्च को शाम 6.34 बजे हाथी रिसगांव रेंज में पश्चिम मूहकोट के कक्ष क्रमांक सी/279 में लगे कैमरे में हाथी की तस्वीर अंतिम बार कैद हुई. हाथी कैमरे के आसपास गुजरते दिखा है. फिर कैमरा को तोड़ दिया. प्रशासन को रात में ही कैमरे तोड़ने की सूचना सिस्टम से मिल गया था. आज टूटे कैमरे की पार्ट्स को एकत्र कर लिया गया है. बता दें कि यही हाथी 2 मार्च को इसी रेंज के कक्ष क्रमांक 300 में एक कैमरे को तोड़ दिया था. उदंती सीतानदी अभ्यारण के उपनिदेशक वरुण जैन ने कहा कि युवा हाथी सिकासेर झुंड से अलग है. मादा हाथी झुंड की मुखिया होती है. झुंड के अनुशासन के खिलाफ काम करने वाले हाथी को झुंड से खदेड़ने की प्रवृति हाथियों में होती है. झुंड से बिछड़ा हाथी कामुक और उत्तेजित होता है. उन्होंने बताया कि कैमरे के सामने से गुजरते वक्त फ्लैश चमकते ही हाथी उत्तेजित हो रहा है. उसे एकांत पसंद है. विभाग की ओर से पूर्व में लगाए गए 180 ट्रेप कैमरे में फ्लैश है, जबकि 2023 में लगाए कैमरे इंफ्रारेड सिस्टम से तस्वीर कैद करता है।

शहीद जवान रमेश कोरेटी को गॉड आफ ऑनर

कांकेर/नवप्रदेश। छोटेबैठिया थाना क्षेत्र के हिदूर में रविवार को हुए पुलिस नक्सल मुठभेड़ में शहीद जवान रमेश कोरेटी को पखांजूर थाना परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान, बस्तर आईजी समेत पुलिस के आला अफसर मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से शहीद जवान के पार्थिव शव को श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम सलामी दी। पुलिस के अफसरों के साथ जवान के परिजनों ने भी सलामी दी।

शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनरः -शहीद जवान को सलामी देने के बाद बस्तर आईजी सुंदर राज पी ने एक बार फिर नक्सलियों को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापस लौटने की अपील की। आई जी ने कहा- ÷बस्तर संभाग अंतर्गत नक्सली अभी बैकफुट में है। पिछले कई सालों से हमने नक्सलियों के कब्जे वाले क्षेत्रों को मुक्त किया है। खास तौर पर दक्षिण बस्तर बासागुड़ा, जगरगुंडा क्षेत्र में

हमने उनके प्रभाव खत्म कर दिया है। उत्तर बस्तर में कोयलीबेड़ा, परतापुर क्षेत्र में भी प्रभाव खत्म कर दिए है। पुल और सड़क निर्माण हो रहा है। जिससे नक्सलियों के पैरों से जमीन खिसक रही है। जनता का भी समर्थन नहीं मिलने से नक्सलियों में बौखलाहट है।

बाहर के नक्सलियों के कहने पर स्थानीय नक्सली गुमराह हो रहे हैं और हिंसा कर रहे हैं, उनके पास अभी भी समय है हथियार छोड़ दे और सरेंडर कर दें - सुंदर राज पी, बस्तर आईजी रविवार को छोटेबेठिया पुलिस थाने के तहत हिदूर गांव के पास जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कोरेटी इस मुठभेड़ में शहीद हो गए। शहीद जवान रमेश कुरेठी कांकेर जिले के पखांजुर के संगम गांव का रहने वाला है।

शासन की प्राथमिकता वाले अपूर्ण आवासों पर सचिवों को कलेक्टर ने दिया नोटिस

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शनिवार को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई।समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आवास निर्माण, महात्मा गांधी नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक नाडेप निर्माण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, सेग्रीगेशन शेड निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डार निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण पंचायत भवन निर्माण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान निर्माण, वनग्रामों में वन अधिकार पत्र धारक हितग्राहियों के भूमि विकास सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही गांवों में आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकानों की स्थापना तथा ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास निर्माण के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए आवास निर्माण को लंबित रखने वाले सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मनरेगा के अंतर्गत 2022 के पूर्व स्वीकृत सभी कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश के साथ सभी सचिवों को आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि मूलभुत सुविधाएं अनिवार्य तौर पर उपलब्ध कराने व् मतदान के दिन मतदान केन्द्रों में छांव के लिए शामियाना की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री अंकित चैहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बामसेफ कार्यकर्ता सम्मेलन, एकजुट होकर संघर्ष करें

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के सर्व आदिवासी सदन में पवन मेश्राम ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व जयपाल सिंह मुंडा जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर बस्तर में एस टी एससी ओबीसी को एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ संपन्न जिसमं वामन मेश्राम राष्ट्रीय अध्यक्ष बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा इस कार्यक्रम में सहयोगी बाबा साहेब सेवा संस्था के संरक्षक पंचू सागर, पी पी गोडांने, प्रवक्ता झिटकु मरकाम,अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, ओमप्रकाश नाग, पुष्कर सिंह मांडवी, नरसिंह देव मंडावी, भुवन मारकंडेय, देवानंद चौरे, उमेश नाग, दिनेश डहेरिया, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वासनिकर,श्रीमती सुनीता जांगड़े ,मंगला गोडांने, दीपमाला चौरे, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी, सूरज मातलाम, मन्नाराम नेताम,मुस्लिम समाज से मोहम्मद इरशाद खान, गोलू इरशाद खान, मोहम्मद ईस्माइल सानी,सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

पूर्व सैनिक परिषद जिले में श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान में जुटे

कोंडागांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा जिला जिला मुख्यालय व आसपास हमेशा सामाजिक गति विधियां कर सकारात्मक कार्य किया रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत पूर्व सैनिकों और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा प्रत्येक रविवार को कोंडागांव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक, केशकाल ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में आज जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय कोंडागांव स्वच्छता अभियान चला कर सफाई की गई ।कोंडागांव जिला के पूर्व सैनिक बच्चों को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वच्छता का पाठ भी पढ़ा रहे हैं और समाज में एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरणा दे रहे हैं। स्वच्छता मिशन में मेरी भागीदारीमेरा शहर मेरी जिम्मेदारी, स्वच्छ भारत - सुंदर भारत, भारत माता की जय नारों के साथ

स्वच्छता कार्यक्रम का समापन हुआ द्य इस कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक अधिकारी दिनेश डे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 550 लड़के एवं लड़कियां मौजूद रहे।

बस खाई में गिरी, जंगल में मची चीख-पुकार

कवर्धा/नवप्रदेश। कूकदूर थाना क्षेत्र के पोलमी घाट में हनुमत खोल मोड़ के पास एक बड़ी दुर्घटना हो गई. यहां बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. दुर्घटना के बाद लोगों में चीख-पुकार मच गई. बस लोरमी से बरात लेकर शहडोल मध्यप्रदेश जा रही थी. जानकारी के मुताबिक बस में 60 से ज्यादा लोगों के होने की सूचना है. घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. जिसके बाद एम्बुलेंस को भी घटना स्थल के लिए रवाना कर दिया गया है. बता दें कि दो दिन पहले ही इसी जगह पर एक हादसा हुआ था. जिसमें एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

सोना साढ़े 63 हजार पहुंचा चांदी भी 70 हजार के पार

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दामों में 4 मार्च को तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 657 रुपए महंगा होकर 63,473 रुपए पर पहुंच गया है। 4 दिसंबर को सोने ने 63,805 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

वहीं चांदी में भी आज मामूली बढ़त देखने को मिल रही है। ये 620 रुपए महंगी होकर 70,518 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 69,898 रुपए पर थी। चांदी ने भी बीते साल 4 दिसंबर को ही ऑलटाइम हाई बनाया था। चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई थी। फरवरी में सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली थी। महीने की शुरुआत यानी 1 फरवरी को सोना 62,775 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 29 फरवरी को 62,241 रुपए पर आ गया था। यानी बीते महीने में इसकी कीमत में 534 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई। वहीं चांदी भी 71,153 रुपए प्रति किलोग्राम से गिरकर 69,312 रुपए पर आ गई थी।

अल्फान्यूमेरिक हॉल मार्किंग वाला सोना ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है। 24 कैरेट सोने का दाम 60 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम है। यानी एक ग्राम सोने की कीमत हुई 6000 रुपए। ऐसे में 1 कैरेट शुद्धता वाले 1 ग्राम सोने की कीमत हुई 6000/24 यानी 250 रुपए। आपकी ज्वेलरी 18 कैरेट शुद्ध सोने से बनी है तो 18×250 यानी इसकी कीमत 4,500 रुपए प्रति ग्राम हुई। अब आपकी ज्वेलरी जितने भी ग्राम की है उसमें 4,500 रुपए का गुणा करके सोने की सही कीमत निकाली जा सकती है। सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट बड़ी गलती साबित हो सकती है। और डिजिटल बैंकिंग के जरिए पेमेंट करना अच्छा रहता है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं।

प्ले स्टोर से हटाए गए भारतीय ऐप्स की बहाली नहीं

नई दिल्ली। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर से हटाए गए ज्यादातर ऐप्स की फिर से वापसी नहीं की है।

एसोसिएशन ने इस पर चिंता जताई। एसोसिएशन का कहना है कि वह ऐसे कठोर कदमों को अनुचित और अनुपातहीन मानता है, भले ही कानूनी प्रक्रियाएं अभी भी जारी हैं।गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम समेत प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के 12 से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से डीलिस्टेड कर दिया था। गूगल ने 10 डेवलपर्स के खिलाफ यह कार्रवाई तब की, जब उन्होंने अन्य ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों का पालन करने के बावजूद इसकी भुगतान नीति का पालन करने से इनकार कर दिया।गूगल ने प्ले स्टोर से स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ऑल्ट, स्टेज और अहा; डेटिंग ऐप ट्रूली मैडली और क्वैक क्वैक; ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म कुकू एफएम; सोशल नेटवर्किंग ऐप एफआरएनडी जैसे ऐप्स को हटा दिया था।रिपोर्ट के अनुसार, आलोचना का सामना करने के बाद टेक दिग्गज ने कुछ ऐप्स जैसे शादी.कॉम, इंफो एज की नौकरी डॉट कॉम, 99एकड़ और नौकरी गल्फ और अन्य को बहाल कर दिया है, लेकिन कई अन्य अभी भी डिलिस्टेड हैं।उद्योग संस्था ने कहा, ऐसे उपाय गूगल द्वारा अन्य देशों में अपनाई जाने वाली पद्धति के विपरीत और भेदभावपूर्ण हैं। उन देशों में उसने ऐप्स डेवलपर्स के साथ नरम रुख अपनाया है।उद्योग संस्था ने आगे कहा, यह कहने की जरूरत नहीं कि भारतीय तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने और अनुकूल शर्तें प्रदान करने की जरूरत है, जो भारतीय बाजार की गतिशीलता के अनुरूप हों और देश में एक खुले इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि और विकास का समर्थन करें।केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था, उन्होंने गूगल को अगले सप्ताह एक बैठक के लिए बुलाया है।उन्होंने कहा था, मुझे उम्मीद है कि गूगल अपने दृष्टिकोण में उचित होगा। हमारे पास एक बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और उनके हितों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है। हम अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। मुझे भरोसा है कि गूगल इस मामले पर उचित तरीके से विचार करेगा।

अल्ट्राटेक यूनिट वंचित महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में कर रही है मदद

बैकुंठ सीमेंट वर्क्स 95 महिलाओं को दे रहा प्लेसमेंट की गारंटी के साथ ट्रेनिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की इंटीग्रेटेड सीमेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई स्थानीय महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के माध्यम से आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद की है। इन महिलाओं के स्वालम्बी बने रहने हेतु आस पास के छेत्र में अवसर तथा, स्थिर आय के साधन बहोत ही सिमित हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए यूनिट ने महिलाओं को इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन संचालन में प्रशिक्षित करने के लिए भारत के सबसे बड़े परिधान निर्माताओं और रेडीमेड कपड़ों के निर्यातकों में से एक, शाही एक्सपोर्ट्स के साथ पार्टनरशिप की, जिससे उन्हें रोजगार सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। कोलाब्रेशन के रूप में ही, शाही एक्सपोर्ट्स ने अपनी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटों में प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार की गारंटी दी।

प्रशिक्षण देने के लिए बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के परिसर में एक ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया गया। बैकुंठ सीमेंट वर्क्स की सीएसआर टीम ने यूनिट के आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों को घर-घर जाकर परामर्श, परिवारों के साथ व्यक्तिगत बातचीत और स्थानीय पंचायत एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी के माध्यम से एकजुट किया। 20 गांवों से 120 से अधिक महिलाओं को उनकी उम्र, बेरोजगारी की स्थिति, और नौकरी के लिए स्थानांतरित होने की इच्छा के आधार पर प्रशिक्षण के लिए चुना गया।

अब तक 95 महिलाएं प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हैं। परिवारों के साथ जुड़ने में हमारी सीएसआर टीम के प्रयासों के कारण, इनमें से 40 महिलाएं बेंगलुरु और हैदराबाद में शाही एक्सपोर्ट्स की मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स में नौकरियां लेने में सक्षम हो गई हैं। इसके अलावा, तीस महिलाएं, जो पारिवारिक और अन्य व्यक्तिगत कारणों से स्थानांतरित नहीं हो सकीं, उन्होंने अपने गांवों में सिलाई सेवाएं प्रदान करके स्वरोजगार अपनाया है।

एयर इंडिया, इटली की आईटीए ने इजरायल के लिए उड़ानें की शुरू

यरुशलेम। एयर इंडिया और इटली की इटालिया ट्रैस्पोर्टो एरियो (आईटीए) ने इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं है। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि एयर इंडिया ने दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे के बीच मार्ग पर अपनी उड़ानें आंशिक रूप से फिर से शुरू कर दीं। इसके अलावा, इटालियन एयरलाइन ने रोम के फिमिसिनो हवाई अड्डे और तेल अवीव के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानों के साथ इजरायल में अपना परिचालन फिर से शुरू किया। आईटीए ने एक बयान में बताया कि इतालवी और इजरायली अधिकारियों के सहयोग से ही तेल अवीव तथा रोम के बीच उड़ानें फिर से शुरू कर सके।हाल ही में, तीन अन्य प्रमुख एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, स्पेन की इबेरिया और डच एयरलाइन केएलएम ने एक अप्रैल को इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि, पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास संघर्ष के फैलने के बाद उड़ानें निलंबित कर दी गयी थी।

ओपन एआई मुकदमा : एक्स पर उलझे मस्क और निवेशक विनोद

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और वेंचर कैपिटलिस्ट विनोद खोसला एक्स पर सार्वजनिक विवाद में उलझ गए। मस्क ने एआई से संबंधित मूल संविदात्मक समझौतों के कथित उल्लंघन को लेकर ओपनएआई और इसके सीईओ सैम ऑल्टमैन पर केस किया।

खोसला ने एक्स के मालिक पर ओपनएआई पर मुकदमा करके खट्टे अंगूर व्यवहार का प्रदर्शन करने का आरोप लगाया, तो अरबपति ने जवाब दिया कि भारतीय मूल के निवेशक को इस मुद्दे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। खोसला ने एक्स पर पोस्ट किया, एलन मस्क के साथ, ओपनएआई पर मुकदमा करना थोड़ा अंगूर खट्टा जैसा लगता है। मस्क ने जवाब दिया, विनोद को नहीं पता कि वह यहां किस बारे में बात कर रहे हैं।खोसला के अनुसार, मस्क ने एआई के आसपास साझा उद्देश्यों तक पहुंचने की दिशा में ओपनएआई के साथ मिलकर काम किया होगा। मस्क 2018 तक ओपनएआई के मूल बोर्ड सदस्य थे, जबकि खोसला ने 2019 में ओपनएआई में लगभग 50 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। खोसला ने मस्क पर आगे हमला करते हुए कहा कि अरबपति जल्दी शामिल हो गए और जल्दी ही निकल गए, जब ऐसा लग रहा था कि आगे बढ़ना कठिन है और मिशन को जारी रखने के लिए व समाज को कोई लाभ पहुंचाने के लिए वास्तविक पैमाने पर धन की आवश्यकता है।

मस्क की ओर से अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में दायर मुकदमा, ओपनएआई के नवीनतम प्राकृतिक भाषा मॉडल जीपीटी -4 के इर्द-गिर्द घूमता है। मस्क ने आरोप लगाया कि ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट (जिसने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी में अरबों डॉलर का निवेश किया है) ने इस बात पर सहमति व्यक्त करने के बावजूद कि कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (एजीआई) क्षमताएं गैर-लाभकारी और मानवता के लिए समर्पित रहेंगी के बावजूद अनुचित तरीके से जीपीटी -4 को लाइसेंस दिया है। खोसला ने कहा कि ये मुकदमे एजीआई तक पहुंचने के लक्ष्यों और इसके लाभों से ध्यान भटकाने वाले हैं।

खेल, मनोरंजन

5वां टेस्ट खेलेंगे बुमराह, धर्मशाला में 3 पेसर उतार सकता है भारत

पाटीदार या पड्डीकल में कोई एक ही खेलेगा

धर्मशाला। इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में 2 बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं।

धर्मशाला के स्टेडियम में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए टीम इंडिया 3 पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है। आगे जानते हैं 5वें टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या होगी। धर्मशाला के स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69त्न विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती है। टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। आकाश दीप ने अच्छा किया, इसलिए उन्हें बुमराह और सिराज के साथ मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया 3 पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल 3 में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव पिछला मैच खेले थे। अश्विन और जडेजा अपनी बॉलिंग से ही किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम की प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं। इनकी बैटिंग भी बहुत शानदार है। दूसरी ओर कुलदीप ने पूरी सीरीज में इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया। उनकी बैटिंग भी अच्छी रही, लेकिन अश्विन और जडेजा का अनुभव ज्यादा है इसलिए कुलदीप को ही बुमराह के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है। बुमराह ने सीरीज के 3 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। इसके बावजूद अगर कुलदीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला तो फिर आकाश दीप को बाहर बैठाया जाएगा। ऐसे में अगर पहले गेंदबाजी आई तो टीम इंडिया के लिए 3 स्पिनर्स को प्लेइंग-11 में रखना रिस्की ऑप्शन हो जाएगा।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में हिस्सा लेंगे पीटरसन और बेल

13 जुलाई से शुरू होगी लीग, इंग्लैंड में खेली जाएगी

स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन और इयान बेल वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 (WCL) में इंग्लैंड चैंपियंस टीम का हिस्सा होंगे। यह घोषणा दुबई के ताज डाउनटाउन में एक सेरेमनी में हुई। इस सेरेमनी में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयान बेल और खेल जगत के कई नाम शामिल हुए। इस इवेंट में मेटियोरा डेवलपर्स ने बॉलीवुड आइकन जैकलीन फर्नांडीज के साथ पार्टनरशिप में इंग्लैंड चैंपियंस क्रिकेट टीम के अधिग्रहण की आधिकारिक घोषणा की। इवेंट के दौरान टीम की जर्सी भी लॉन्च की गई। पूर्व क्रिकेटर इयान बेल ने कहा, WCL में इंग्लैंड चैंपियंस का हिस्सा बनना एक शानदार अवसर है। लीग का इंग्लैंड में खेला जाना, इसे और रोमांचित बनाता है। मैं अपनी टीम की सफलता में योगदान देने और अपने फैंस को एंटरटेन करने के लिए उत्सुक हूं। लीग 3 जुलाई से 13 जुलाई 2024 तक इंग्लैंड के एजबेस्टन स्टेडियम में खेली जाएगी। इसके लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। छह टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। लीग में इन छह देशों के रिटायर्ड और नॉन-कोंट्रैक्टेड प्लेयर्स हिस्सा लेंगे।

सनराइजर्स के नए कप्तान बने पैट कमिंस

स्पोर्ट्स डेस्क। सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को IPL में अपनी टीम का नया कप्तान बनाया है। टीम ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। कमिंस साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह लेंगे। मार्करम की कप्तानी में पिछले सीजन टीम 10वें नंबर पर रही थी। सनराइजर्स ने इससे पहले अपने कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया था। साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह अब न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रैंकलिन बॉलिंग कोच की भूमिका निभाएंगे। पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 2 ICC खिताब जीते। टीम ने नवंबर में भारत को हराकर वनडे वर्ल्ड कप जीता। उससे पहले जून में टीम इंडिया को ही हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर भी कब्जा किया। कमिंस की कप्तानी स्किल को देखते हुए ही सनराइजर्स ने उन्हें नया कप्तान बनाया। साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम ने पिछले सीजन IPL में SRH की कप्तानी की थी। टीम 14 में से 4 ही मैच जीतकर 8 पॉइंट्स के साथ 10वें नंबर पर रही। इससे पहले 2022 के सीजन में भी टीम 9वें नंबर पर रहकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

अनिल पांडेय कृत फिरोज हसन रिज़वी निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'भूख मया के' 15 मार्च से

रायपुर। निर्माता बादल गगन पाण्डे ऐ मोर बांटा के अपार सफलता के बाद अनिल पांडे कृत एवं लेखक निर्देशक फिरोज हसन रिजवी , ममता फिल्म क्रियेशन्स नागपुर के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म ÷भूख मया के÷ विगत दिनों पोस्टर एवं गाने को लॉन्च किया गया था जिसका पब्लिक रिसपॉन्स जबर्दस्त मिल रहा है दर्शको द्वारा गाने भरपूर मया दुलार दे रहे है आगामी 15 मार्च से महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक साथ फ़िल्म के प्रदर्शन की जोर शोर से तैयारी की जा रही

फ़िल्म के निर्माता अनिल पांडेय एवं निर्देशक फिरोज हसन रिजवी जी ने बताया की ÷भूख मया के÷पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। आज के दौर में भी लोगों में जाति, सामाजिक भेदभाव अंधविश्वास और नारी वर्ग के लिये हीन भावना एवं सामाजिक कुरीतियो को फ़िल्म में एक अबला नारी के जीवन के उतार चढ़ाव के संघर्ष की कहानी लेकर इस फिल्म का निर्माण किया गया है और फ़िल्म के माध्यम से सामाजिक,पारिवारिक, धार्मिक शौहाद्र का सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है। फिल्म को आगामी 15 मार्च को 25 सिनेमाघरों के साथ प्रदर्शन किया जायेगा। फिल्म के गाने सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर दर्शको की पहली पसंद बने हुए है ।

आर्टिकल 370 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 60 करोड़

अच्छी वर्ड-ऑफ-माउथ के साथ यामी गौतम की आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. 23 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी लोगों को बेहद पसंद आ रही है. वहीं शनिवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है. तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने 9वें दिन पर कितने करोड़ रुपये की कमाई की है...

कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के मुद्दे पर आधारित इस फिल्म में यामी गौतम की एक्टिंग को खूब सराहा गया. हालांकि, बीच में कमाई का ग्राफ थोड़ा डगमगाता हुआ दिखा लेकिन अब फिल्म ने दोबार से रफ्तार पकड़ ली है. वहीं अब सेकंड शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के 9वें दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके बाद 'आर्टिकल 370' का आठ दिनों का कुल कलेक्शन 44.35 करोड़ रुपये हो गया है.

आर्टिकल 370 की कमाई दोगुनी है. महज 20 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म जल्द ही 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी. फिल्म में यामी गौतम एक इंटेलिजेंस ऑफिसर के किरदार में हैं, तो वहीं अरुण गोविल पीएम मोदी की भूमिका में खूब जंच रहे हैं. वहीं सिर्फ भारत नहीं, बल्कि दुनिया भर से यामी की इस फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म 8 दिनों के अंदर 57.14 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है।

श्रीरामलला मंदिर निर्माण के 500 सालों के संघर्षों की प्रस्तुति देख श्रद्धालु हुए भावुक

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के मंदिर निर्माण को लेकर पिछले 500 सालों के संघर्षों और घटनाओं की शानदार प्रस्तुति कल राजिम कुंभ में दी गई। इस ऑडियो-विजुअल संगीतमय प्रस्तुति देखकर श्रद्धालुओं की आंखे नम हो गई। राजिम कुंभ के मुख्य मंच से ऑडियो-विजुअल के माध्यम से भोपाल से आए श्री मोहित शेवानी ने प्रभु श्रीराम की महिमा और रामायण की कथा की अद्भुत प्रस्तुति दी। श्रद्धालु इन कहानियों को सुनकर भावुक हो उठे। उन्होंने उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा श्रीराम लला से जुड़ी कथाओं का सजीव वर्णन किया। मंच पर कार्यक्रम की अगली कड़ी में हिलेन्द्र ठाकुर बिलासपुर की टीम ने लोककला मंच में छत्तीसगढ़ी विवाह गीत से लेकर गौरी-गौरा गीतों प्रस्तुति दी। रायपुर के घनश्याम साहू की टीम ने लोकमंच में बारहमासी गीतों की प्रस्तुति देकर एक बार फिर होली की याद दिला दी। छत्तीसगढ़ी में फाग गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने मजबूर कर दिया। दीपाली पांडे ने कत्थक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।